E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 240 | गुवाहाटी | शनिवार, 30 मार्च, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

अमित शाह 6 अप्रैल को असम में प्रचार करेंगे : हिमंत पेज 2
मुख्यमंत्री समझते हैं कि उनकी कुर्सी स्थायी है : कांग्रेस अध्यक्ष पेज 3
लोकसभा चुनाव : बिहार में महागठबंधन का एलान, राजद को 26 और कांग्रेस ... पेज 5
तीनों प्रारूपों के साथ ही लीग क्रिकेट में नाम कमाना चाहते हैं शमार जोसेफ पेज 7

शर्मा हार्डवेर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path,
Near Dona Planet
ABC, G.S. Road,
Guwahati - 05
97079-99344

### सुप्रभात

*राजा, गुप्तचर और मंत्री तीनों का एक मत होना किसी भी मंत्रणा की सफलता है।*

– **आचार्य चाणक्य**

## न्यूज गैलरी

### आयकर के नोटिस पर कांग्रेस करेगी देशव्यापी प्रदर्शन

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** कांग्रेस पार्टी को मिले आयकर नोटिस के खिलाफ पार्टी देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी। शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने सभी राज्य इकाइयों को इस मुद्दे पर शनिवार को सभी प्रदेश और जिला कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर प्रदर्शन करने का निर्देश दिया है। केसी वेणुगोपाल ने एक पत्र जारी कर किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि अब जबकि लोकसभा के चुनाव की घोषणा हुए एक माह हो गए हैं, ऐसे में आयकर विभाग ने गुरुवार को 1823.08 करोड़ रुपए का नोटिस

*–शेष पृष्ठ दो पर*

### सीरिया पर इजराइल का भीषण हवाई हमला : 38 मरे

**तेल अबीब।** उत्तरी सीरिया के शहर अलेप्पो पर इजरायली हमलों में लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह के पांच सदस्यों सहित 38 लोगों की मौत हो गई, जो सीरिया में ईरान के सहयोगियों के खिलाफ तीव्र इजरायली अभियान में अब तक का सबसे घातक हमला है। 7 अक्तूबर को ईरान समर्थित फिलिस्तीनी गुट हमास द्वारा इजराइल में घुसपैठ के बाद से

*–शेष पृष्ठ दो पर*

# राज्य के चार जिलों में अफस्पा छह महीने के लिए बढ़ाया गया

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने चार जिलों में छह माह के लिए सशस्त्र बल (विशेष अधिकार) अधिनियम, 1958 (अफस्पा) बढ़ा दिया है। राज्य सरकार के राजनीतिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर कहा कि अशांत क्षेत्र तिनसुकिया, डिब्रूगढ़, चराइदेव और शिवसागर में अफस्पा आगामी एक अप्रैल से छह माह के लिए प्रभावी रहेगा। यह अधिनियम सशस्त्र बलों को कहीं भी आपरेशन चलाने और बिना वारंट किसी को भी गिरफ्तार करने का अधिकार देता है। यह गलत संचालन पर सुरक्षा बलों को निश्चित स्तर की प्रतिरक्षा भी प्रदान करता है। एक अधिकारी ने बताया कि हाल ही में असम पुलिस ने इन चार जिलों में एक उग्रवादी संगठन के सक्रिय होने की रिपोर्ट दी थी। इस पर राज्य सरकार ने इस आशय का प्रस्ताव गृह मंत्रालय को सौंपा था। इस प्रस्ताव पर विचार करने के बाद अशांत क्षेत्रों में छह माह के लिए यथास्थिति बनाए रखने का निर्णय लिया गया। केंद्र के निर्देश पर राज्य सरकार ने अफस्पा को 30 सितंबर 2024 तक बढ़ा दिया। पिछली बार यह अधिनियम गत एक अक्तूबर को छह माह के लिए बढ़ाया गया था। हालांकि पिछली बार जोरहाट, गोलाघाट, कार्बी आंग्लांग और डिमा हसाउ अफस्पा हटा लिया गया था। असम में अफस्पा अधिनियम को आखिरी बार 1 अक्तूबर 2023 को 31 मार्च को समाप्त होने वाले छह महीने के लिए बढ़ाया गया था। इससे पहले गुरुवार को गृह मंत्रालय (एमएचए) ने अरुणाचल प्रदेश के तीन जिलों और एक अन्य जिले के तीन पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले

*–शेष पृष्ठ दो पर*

# 2032 तक सभी मुसलमान भाजपा में आ जाएंगे : सीएम

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने दावा किया है कि 2026 के विधानसभा चुनाव तक जहां असमिया मुसलमान भाजपा में आ जाएंगे, वहीं 2032 का विधानसभा चुनाव आते-आते सभी मुसलमान भाजपा में आ जाएंगे। मुख्यमंत्री आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुकी भाजपा का संगठन अभी बांग्लादेशी मुसलमानों के बीच में नहीं बन सका है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव के बाद कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में सिर्फ एक संप्रदाय के लोग ही अपने धर्म का गुणगान करते नजर आएंगे। मुख्यमंत्री ने आज फिर दावा किया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा 2025 की जनवरी-फरवरी तक भाजपा में शामिल हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह भाजपा में आकर मंत्री और मुख्यमंत्री भी बन सकते हैं, क्योंकि भाजपा दूसरे दलों से अच्छे नेताओं को लाकर अच्छे पदों पर बैठाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें (हिमंत को) भी कांग्रेस से लाकर भाजपा ने मुख्यमंत्री बना दिया। इसी प्रकार भूपेन बोरा भी बन सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सबका साथ

*–शेष पृष्ठ दो पर*

### धान के खेत में मिले दो नाबालिग लड़कों के शव

**कोकराझाड़।** असम के कोकराझाड़ जिले में शुक्रवार को धान के एक खेत से दो नाबालिग लड़कों के शव बरामद किए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों लड़के गोसाईगांव उपमंडल के अंतर्गत आने वाले जमुनातरी गांव से गुरुवार दोपहर से लापता थे। उन्होंने कहा कि उसी गांव के एक खेत में दोनों लड़कों के शव बरामद किए गए। मृतकों की पहचान नजमल हक और रकीबुल अली के रूप में हुई है।

# हिरासत में मौत, पुलिस अधिकारी की जमानत पर सख्त रुख अपनाएं : एससी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हिरासत में मौत के मामले में आरोपित पुलिस अधिकारी को जमानत पर रिहा करने से पहले अदालत को सख्त दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। पुलिस अधिकारी एक सामान्य व्यक्ति की तुलना में अधिक प्रभाव डाल सकता है। इन टिप्पणियों के साथ उसने एक पुलिस कांस्टेबल को दी गई जमानत को रद्द कर दिया। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने कहा कि हिरासत में मौत के मामले में आरोपित पुलिस अधिकारी की जमानत के सवाल पर निर्णय लेने के लिए कड़े रवैये की जरूरत है। ऐसे कथित अपराध गंभीर प्रकृति के हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि सामान्य परिस्थितियों में उसने किसी आरोपित को जमानत देने के आदेश को अमान्य करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 136 के तहत अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल नहीं किया होगा। शीर्ष अदालत हिरासत में मौत के मामले में एक पुलिस कांस्टेबल को दी गई जमानत के खिलाफ अपील पर सुनवाई कर रही थी। मृतक को डकैती से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया गया था और 11 फरवरी, 2021 को उसे हिरासत में ले लिया गया था।

# आरबीआई के 90 वर्ष पूरे होने पर 90 रुपए का सिक्का



भारतीय रिजर्व बैंक के 90 वर्ष
90 Years of Reserve Bank of India
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
RBI@90
भारत
INDIA
₹90

**बीकानेर ( हि.स. )।** भारत की सभी बैंकों पर नियंत्रण रखने वाली देश की केंद्रीय व सबसे बड़ी बैंक भारतीय रिजर्व बैंक की 90वीं वर्षगांठ पर भारत सरकार 90 रुपए का स्मारक सिक्का जारी करने जा रही है। इस सिक्के का अनावरण 1 अप्रैल को भारतीय रिजर्व बैंक के 90वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में किया जाएगा। सिक्कों का संग्रह और अध्ययन करने वाले बीकानेर के सुधीर लुणावत के अनुसार देश में पहलीबार 90 रुपए का सिक्का जारी हो रहा है। इस 90 रुपए के सिक्के पर एक तरफ भारतीय रिजर्व बैंक का लोगो होगा तथा लोगो की ऊपरी परिधि पर हिंदी में एवं निचली परिधि पर अंग्रेजी

*–शेष पृष्ठ दो पर*

# जम्मू-श्रीनगर : गहरी खाई में गिरा वाहन, 10 की मौत

**जम्मू ( हि.स. )।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैटरी चश्मा के पास पहाड़ी रामबन जिले में गुरुवार देर रात एक वाहन के गहरी खाई में गिरने के कारण 10 लोगों की मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि दुर्घटना गुरुवार देर रात 1.30-2.00 बजे के बीच हुई जब जम्मू की ओर से श्रीनगर की ओर जा रही टवेरा (यात्री कैब) गहरी खाई में जा गिरी। बचावकर्मियों ने अब तक दुर्घटनाग्रस्त वाहन से 10 शव बरामद कर लिए हैं। मृतकों में वाहन चालक जम्मू के अंब ग्रोथा के बलवान सिंह (47) और बिहार के पश्चिमी चंपारण के विपिन मुखिया भैरगंग शामिल हैं। मृतक मजदूर प्रतीत होते हैं जो काम के लिए श्रीनगर जा रहे थे। फिलहाल अभी तक यात्रियों की सटीक संख्या का पता नहीं चला है। अभी तक गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नंबर भी नहीं मिल पाया है। बरामद शव बुरी तरह से क्षत-विक्षत पाए गए। एएसपी रामबन गौरव महाजन ने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय रामबन और थाना प्रभारी रामबन की देखरेख में पुलिस दल बचाव कार्य कर रहे हैं। अब तक 10 क्षत-विक्षत शव बरामद किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि उन्होंने उस दुखद सड़क दुर्घटना के बारे में जानने के बाद डीसी रामबन बसीर-उल-हक से बात की, जिसमें बैटरी चश्मा के पास जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक यात्री टैक्सी गहरी खाई में गिर गई और जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई। डॉ. सिंह ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि पुलिस, एसडीआरएफ और सिविल क्यूआरटी मौके पर पहुंच गए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। मैं लगातार संपर्क में हूं। उन्होंने कहा

*–शेष पृष्ठ दो पर*

### गुवाहाटी में जुबिन नौटियाल का चैरिटी कॉन्सर्ट शो रद्द

**गुवाहाटी।** बॉलीवुड सनसनी जुबिन नौटियाल की बहुप्रतीक्षित चैरिटी लाइव कॉन्सर्ट, जो आज गुवाहाटी के नेहरू स्टेडियम में होने वाली थी, अप्रत्याशित रूप से रद्द कर दी गई है। यूआर ड्रीम्स सारेगामा रिकग्निशन अवार्ड्स 2024 की आयोजन टीम द्वारा जारी एक नोटिस में, यह पता चला कि उपकरण की खराबी से उत्पन्न अप्रत्याशित तकनीकी समस्याओं के कारण, विशेष रूप से पांच आवश्यक ट्रकों में से दो की डिलीवरी में देरी, आवश्यक कार्यक्रम की समय पर स्थापना उपकरण अप्राप्य हो गए। इस झटके ने योजना के अनुसार संगीत कार्यक्रम को आगे बढ़ाना असंभव बना दिया है। रद्द करने की सूचना संरक्षकों को शाम 5 बजे के निर्धारित समय से केवल एक घंटे पहले प्रसारित की गई थी, जिससे उपस्थित

*–शेष पृष्ठ दो पर*

# सरकार बदली तो *लोकतंत्र के चीरहरण* करने वालों पर होगी कार्रवाई : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस को आयकर नोटिस मिलने के कुछ घंटों बाद, राहुल गांधी ने शुक्रवार को लोकतंत्र को कमजोर करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की कसम खाई। राहुल गांधी ने कहा कि कार्रवाई इतनी सख्त होगी कि फिर कभी लोकतंत्र कमजोर नहीं होगा। राहुल गांधी ने भाजपा को सरकार बदलने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी। उन्होंने एक्स पोस्ट पर लिखा कि जब सरकार बदलेगी तो *लोकतंत्र का चीरहरण* करने वालों पर कार्रवाई जरूर होगी! और ऐसी कार्रवाई होगी कि दोबारा फिर किसी की हिम्मत नहीं होगी, ये सब करने की। ये मेरी गारंटी है। राहुल का यह पोस्ट ऐसे समय में आया है लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आयकर विभाग ने पांच अलग-अलग वित्तीय वर्षों के टैक्स रिटर्न में कथित विसंगतियों के लिए 1823.08 करोड़ रुपए के भुगतान के नए नोटिस उसे जारी किए हैं लेकिन उसने भारतीय जनता पार्टी को लेकर

*–शेष पृष्ठ दो पर*

### अरुणाचल : अमेरिका पर चीन की सेना ने उगला जहर

**बीजिंग।** चीन की सेना ने गुरुवार को अमेरिका की आलोचना की क्योंकि उसने जोर दिया था कि अरुणाचल प्रदेश भारत का हिस्सा है। इसके साथ ही चीनी सेना ने कहा कि बातचीत एवं परामर्श के जरिए सीमा मुद्दे से ठीक से निपटने के लिए भारत और चीन के पास परिपक्व तंत्र, संवाद माध्यम, क्षमता और इच्छा है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल वू कियान ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि अपने

*–शेष पृष्ठ दो पर*

# जापान में हैल्थ प्रॉडक्ट लेने से पांच की मौत, सौ अस्पताल में

**टोक्यो।** जापान में एक के बाद एक स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों को वापस लिए जाने के सप्ताह में शुक्रवार तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है और 100 से अधिक लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। ओसाका स्थित कोबायाशी फार्मास्युटिकल कंपनी पर आरोप है कि उसे इन उत्पादों से समस्याओं के बारे में जनवरी की शुरुआत में ही पता चल गया था। लेकिन इस संबंध में सार्वजनिक रूप से पहली घोषणा 22 मार्च को की गई। कंपनी के

*–शेष पृष्ठ दो पर*

# आयकर विभाग ने भाजपा पर आंखें बंद कीं, हमें 1823 करोड़ के नए नोटिस थमाए : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आयकर विभाग ने पांच अलग-अलग वित्तीय वर्षों के टैक्स रिटर्न में कथित विसंगतियों के लिए 1823.08 करोड़ रुपए के भुगतान के नए नोटिस उसे जारी किए हैं लेकिन उसने भारतीय जनता पार्टी को लेकर आंखें बंद कर ली हैं जबकि उस पर 4600 करोड़ रुपए का जुर्माना बनता है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि लोकसभा चुनाव से पहले *कर आतंकवाद* (टैक्स टेररिज्म) के जरिये विपक्ष पर हमला किया जा रहा है। पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने आरोप लगाया कि जिन मापदंडों के आधार पर कांग्रेस को जुर्माने के नोटिस दिए गए हैं, उन्हीं के आधार पर भारतीय जनता पार्टी से 4600 करोड़ रुपए से आधिक के भुगतान की मांग करनी चाहिए। आयकर विभाग के नए कदम को लोकसभा चुनाव से ऐन पहले कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है जो पहले ही धन की कमी का सामना कर रही है। माकन ने संवाददाताओं से कहा कि कल हमें आयकर विभाग से 1823.08 करोड़ रुपए का भुगतान करने

*–शेष पृष्ठ दो पर*

# भाजपा तमिलनाडु में बाजी पलटने वाली है : नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमाम राजनीतिक विश्लेषकों के हवाले से दावा किया कि भाजपा तमिलनाडु में बाजी पलटने वाली है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ गुस्सा चुनाव के दौरान निकलेगा। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को नमो ऐप के माध्यम से तमिलनाडु के भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में नौ पार्टियां एनडीए गठबंधन का हिस्सा हैं। ये *नौ रत्न* एक साथ आए हैं और इनमें बहुत बड़ी ताकत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि एनडीए के सभी सदस्य हर बूथ पर मिलकर काम करेंगे। मोदी ने कहा कि भाजपा आज महिला नेतृत्व वाले विकास के मॉडल पर काम कर रही है। हमारी प्रतिबद्धता भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की है और महिलाएं इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु की

*–शेष पृष्ठ दो पर*

CLASSIFIED

For all kinds of classified advertisements please contact

97070-14771
86382-00107

MURTI AVAILABLE

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

## कंटेनर से 31 मवेशी बरामद, एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** राजधानी के जोराबाट पुलिस चौकी की टीम ने तलाशी अभियान चलाकर 31 मवेशियों को लेकर जा रहे एक कंटेनर को जब्त किया है। साथ ही पुलिस ने चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस चौकी इलाके के असम-मेघालय सीमावर्ती इलाके के जोराबाट लींक रोड पर चलाए गए स्पेशल तलाशी के दौरान एक कंटेनर (एएस-01जेसी-7181) को जब्त किया गया। जब्त किए वाहन में अवैध तरीके से 31 मशियों की मेघालय के पशु बाजार तक तस्करी की जा रही थी। इस मामले में वाहन का चालक मोहम्मद सद्दाम हुसैन को गिरफ्तार किया गया है। सभी पशुओं को बड़े ही क्रूर तरीके से लाया जा रहा था। ज्ञात हो कि राज्य में सख्त पशु कानून लागू है इसके बावजूद पशुओं की तस्करी जारी है।

# अमित शाह 6 अप्रैल को असम में प्रचार करेंगे : हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छह अप्रैल को राज्य में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार करेंगे। शर्मा ने यहां भाजपा राज्य मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा कि भाजपा नेता लखीमपुर संसदीय क्षेत्र और काजीरंगा सीट के अंतर्गत आने वाले होजाई में प्रचार करेंगे। हमने नई दिल्ली के साथ राज्य में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के चुनाव प्रचार पर चर्चा की है और इस पर काम किया जा रहा है। हमें कल या परसों तक विस्तृत जानकारी मिल जाएगी। शर्मा एक अप्रैल से माजुली में साइकिल रैली में हिस्सा लेकर राज्य में अपना अभियान शुरू करेंगे। शर्मा ने कहा कि उम्मीदवारों ने पहले ही अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में अपना अभियान शुरू कर दिया है और उनमें से प्रत्येक प्रतिदिन 10 से 12 बैठकों को संबोधित कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार अभियान का सबसे महत्वपूर्ण पहलू बूथ समितियों द्वारा सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण होगा ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या कोई लाभार्थी उन सरकारी योजनाओं से छूट गया है, जिनके वे हकदार हैं। शर्मा ने कहा कि बूथ समितियां चुनाव के बाद सरकार को सूची सौंपेंगी और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जो लोग छूट गए हैं उन्हें भी योजनाओं से कवर किया जाए। राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के कार्यान्वयन के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ मुद्दों को हल करने की जरूरत है और यह लोकसभा चुनाव के बाद किया जाएगा। राज्य में भाजपा की संभावनाओं पर उन्होंने कहा कि पार्टी 11 सीटों पर आराम से जीत हासिल करेगी और दो सीटों- करीमगंज और नगांव में कांग्रेस और एआईयूडीएफ के साथ त्रिकोणीय मुकाबला होगा। उन्होंने कहा कि इन दोनों सीटों पर भाजपा की स्थिति भी शानदार है और हम जीत के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा के 2026 में राज्य में मुख्यमंत्री बनने के दावे के बारे में पूछे जाने पर शर्मा ने कहा कि अगर वह भाजपा में शामिल होते हैं तो बन सकते हैं, लेकिन अगर वह कांग्रेस में हैं तो वह मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। शर्मा कई मौकों पर दावा कर चुके हैं कि बोरा 2025 तक भाजपा में शामिल हो जाएंगे। राज्य की 14 लोकसभा सीटों में से भाजपा 11 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि उसके गठबंधन सहयोगी असम गण परिषद दो और यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) एक सीट पर चुनाव लड़ रही है। निवर्तमान लोकसभा में, राज्य से भाजपा के पास नौ, कांग्रेस के पास तीन, एआईयूडीएफ और एक-एक सीट पर निर्दलीय का कब्जा था।

# नलबाड़ी जिला प्रशासन ने महिला मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अभियान चलाया

**नलबाड़ी।** महिला अधिकारियों के नेतृत्व में असम का नलबाड़ी जिला प्रशासन आम चुनावों में महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ाने के लिए एक अभियान चला रहा है। नलबाड़ी जिला आयुक्त बर्णाली डेका ने शुक्रवार को बताया कि उन क्षेत्रों में लक्षित जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, जहां पिछले लोकसभा चुनाव में महिला मतदाताओं का प्रतिशत कम था। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जिले के सभी शहरी मतदान केंद्रों में से लगभग 50 प्रतिशत का प्रबंधन महिला कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में जिले में कुल मतदान 80 प्रतिशत से अधिक था, लेकिन पुरुष और महिला मतदान के बीच दो प्रतिशत का अंतर था, जिसे हम इस साल पाटने की कोशिश कर रहे हैं। 2019 में नलबाड़ी में पुरुष मतदाता मतदान 84 प्रतिशत था, जबकि महिला मतदाता मतदान 82 प्रतिशत था। राज्य में कुल पुरुष और महिला मतदाता क्रमश: 81.75 प्रतिशत और 81.35 प्रतिशत थे। डेका ने कहा कि हम उन मतदान केंद्रों के आंकड़ों के आधार पर लक्षित गतिविधियां संचालित कर रहे हैं, जहां महिला मतदाताओं की संख्या कम थी। हम उन विशिष्ट क्षेत्रों में संभावित कारणों पर गौर कर रहे हैं और उनका समाधान कर रहे हैं। डीसी ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के एक अन्य कदम के तहत जिले के शहरी क्षेत्रों में लगभग 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों का प्रबंधन मतदान अधिकारियों से लेकर सुरक्षा कर्मियों तक महिलाओं द्वारा किया जाएगा। व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (एसवीईईपी) कार्यक्रम के तहत महिलाओं के लिए एक विशेष जागरूकता बैठक गुरुवार को डीसी कार्यालय में भी आयोजित की गई। बैठक में डेका के अलावा पुलिस अधीक्षक सुप्रिया दास और अन्य महिला अधिकारियों ने भाग लिया। डेका ने बताया कि जिले में कई शीर्ष अधिकारी महिलाएं थीं। नागरिक और पुलिस प्रशासन का नेतृत्व करने वाली डेका और दास के अलावा, महिलाओं द्वारा संभाले गए अन्य महत्वपूर्ण पदों में अतिरिक्त डीसी, चुनाव अधिकारी, सहायक आयुक्त और सर्कल अधिकारी शामिल हैं। डीसी ने कहा कि अधिक महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ, प्रशासन पहली बार मतदाताओं और ट्रांसजेंडर और यौनकर्मियों जैसे कमजोर वर्गों के बीच जागरूकता पैदा करने पर भी काम कर रहा है। डेका ने कहा कि राज्य में निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद यह पहला चुनाव है।

## केंद्र ने राज्यों को असम के *कैंसर केयर मॉडल* को अपनाने की सलाह दी : डॉ. शर्मा

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि हम असम को उन्नत स्वास्थ्य क्षेत्र का *हब* बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। आज मुझे वास्तव में प्रसन्नता है कि भारत सरकार ने अन्य राज्यों को असम के *कैंसर केयर मॉडल* को अपनाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि हम 3600 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश से 17 विश्व स्तरीय कैंसर अस्पतालों का निर्माण कर रहे हैं। जिनमें से नौ अस्पतालों को चालू करने में सक्षम हुए हैं। जिनके माध्यम से लोग सस्ती सेवा दरों पर उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने में सक्षम हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ शर्मा आज सोशल मीडिया के जरिए जानकारी साझा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक समय था जब हमारे असम में कैंसर के मरीजों को ईलाज के लिए राज्य के बाहर के कैंसर संस्थानों में जाकर ईलाज कराना पड़ता था। लेकिन, आज हमने इसके विपरीत एक तस्वीर चित्रित की है।

## मणिपुर में केएलए कैडर गिरफ्तार

**इंफाल ( हिंस )।** मणिपुर में एक कुख्यात कुकी लिबरेशन आर्मी (केएलए) कैडर को गिरफ्तार कर लिया गया। मणिपुर पुलिस ने आज बताया कि सुरक्षा बलों ने चुराचांदपुर जिले के बिजांग, संगाईकोट से केएलए के एक कैडर मिन्सी (31) को गिरफ्तार किया। इसके अलावा, उसके कब्जे से मैगजीन के साथ एक 7.62 एसएलआर, एक एके-56 राइफल, इंसास 5.56 मिमी की एक मैगजीन, 2 बीपी प्लेट के साथ बीपीजे कवर और 216 जीवित कारतूस बरामद किया गया।

# भारत को कानून के शासन पर किसी देश से सबक लेने की जरूरत नहीं : उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि भारत मजबूत न्यायिक प्रणाली वाला एक लोकतांत्रिक राष्ट्र है जिससे कोई भी व्यक्ति या कोई समूह समझौता नहीं कर सकता है। भारतीय लोकतंत्र को अद्वितीय बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत को कानून के शासन पर किसी देश से सबक लेने की जरूरत नहीं है। भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के 70वें स्थापना दिवस समारोह को नई दिल्ली में संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि भारत में आज कानून के समक्ष समानता एक नया मानदंड है और कानून उन लोगों को जवाबदेह ठहरा रहा है जो खुद को कानून से परे मानते थे। धनखड़ ने कहा कि लेकिन हम क्या देखते हैं? जैसे ही कानून अपना काम करता है, वे सड़कों पर उतर आते हैं, ऊंची आवाज में बहस करते हैं और मानवाधिकारों के जरिए सबसे खराब प्रकृति के दोषी को छिपाते हैं। यह हमारी नाक के नीचे हो रहा है। भारतीय न्यायिक प्रणाली को मजबूत, जन-समर्थक और स्वतंत्र बताते हुए उन्होंने सवाल किया कि जब कानून लागू हो जाता है तो किसी व्यक्ति या संस्था या संगठन के लिए सड़कों पर उतरने का क्या औचित्य है? इस मुद्दे पर गहन विचार-विमर्श का आह्वान करते हुए धनखड़ ने सवाल किया कि क्या लोग शिकायत मोड में काम कर सकते हैं, जो कानून के शासन से दूर जाने की एक खतरनाक प्रवृत्ति है? कानून के उल्लंघन में शामिल कोई व्यक्ति पीड़ित कार्ड कैसे खेल सकता है? उपराष्ट्रपति ने कहा कि भ्रष्टाचार अब अवसर, रोजगार या अनुबंध का मार्ग नहीं है। यह जेल जाने का रास्ता है। सिस्टम इसे सुरक्षित कर रहा है। उन्होंने इस तर्क पर भी सवाल उठाया कि भ्रष्टाचारियों से इसलिए नहीं निपटा जाना चाहिए क्योंकि यह त्योहारी सीजन है या यह खेती का मौसम है।

# एनआईए ने तृणमूल कांग्रेस के आठ नेताओं को किया समन

**कोलकाता।** एनआईए ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस के आठ नेताओं को फिर से समन किया है। सभी को 2022 में पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर में हुए विस्फोट के संबंध में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। टीएमसी ने भाजपा पर साजिश रचने का आरोप लगाया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने आठों को शनिवार सुबह 11 बजे अपने अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा है। इसकी वजह बताई गई है कि वे पहले भेजे गए समन के बाद पूछताछ में शामिल नहीं हुए थे। तब उन्हें 28 मार्च को कोलकाता के पास न्यू टाउन में एनआईए कार्यालय आने को कहा गया था। बता दें कि 3 दिसंबर, 2022 को भूपतिनगर में एक विस्फोट से फूस की छत वाला एक कच्चा घर धराशायी हो गया था।

# सिर्फ मोदी-शाह ही समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर हल कर सकते हैं : एचडी देवगौड़ा

**बंगलूरू।** पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सराहना की है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और अमित शाह के अलावा कोई भी नेता राष्ट्रीय स्तर की समस्याओं को सुलझा नहीं सकता है। पिछले साल सितंबर में देवगौड़ा की जेडीएस भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए में शामिल हुई थी। कर्नाटक में सीट बंटवारे के अनुसार, राज्य की 28 लोकसभा सीटों पर 25 पर भाजपा तो तीन सीटों पर जेडीएस चुनाव लड़ने वाली है। चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता बीएस येदियुरप्पा की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए देवगौड़ा ने कहा कि पहले जो कुछ भी हुआ उन्हें यह भूलना होगा, क्योंकि समय बहुत कम है। उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष बहुत मजबूत है। मुझे नहीं लगता है कि हम सभी 28 सीटें यहां जीतेंगे। इसके लिए हमें पहले जो कुछ भी हुआ उसे भूलना होगा। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी के अलावा इस देश में कोई दूसरा नेता नहीं है। एक दशक तक प्रधानमंत्री के तौर पर देश की सेवा करते हुए वह देश के कोने-कोने से परिचित हैं। देवगौड़ा ने आगे कहा कि केवल पीएम मोदी और अमित शाह ही राष्ट्रीय स्तर की परेशानियों का हल निकाल सकते हैं। उन्होंने भाजपा और जेडीएस नेताओं को कांग्रेस को हल्के में न लेने की चेतावनी देते हुए कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व वाली संगठन के पास विशाल वित्तीय संसाधन है। वर्तमान कांग्रेस सरकार में धन आरक्षित रखना उनका प्रमुख काम है। आप इसपर चुनौती दे सकते हैं? पूरा बंगलूरू और सभी विभाग केवल एक नेता के हाथ में है। कांग्रेस के संसाधन को चुनौती देना आसान नहीं है। देवगौड़ा के अनुसार, किसी को भी नहीं मालूम कि मांड्या में कांग्रेस ने कितना पैसा झोंका है। बता दें कि मांड्या निर्वाचन क्षेत्र से देवगौड़ा के बेटे और पूर्व मुख्यमत्री एचडी कुमारस्वामी भाजपा-जेडीएस के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। देवगौड़ा आगे कहा कि वर्तमान समय में केवल चार राज्यों में ही कांग्रेस की सरकार है और उन सबको पैसा कर्नाटक से ही दिया जा रहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष (खरगे) कर्नाटक से ही हैं। यहां चुनाव जीतना आसान नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि इतिहास में इससे पहले कभी भी 94 विधायक कैबिनेट रंक के पद पर नहीं रहे। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए येदियुरप्पा ने कहा कि उन्हें यकीन है कि कर्नाटक की 28 सीटों पर भाजपा-जेडीएस की जीत होगी। उन्होंने कांग्रेस पर राज्य में सभी विकास कार्यों को रोकने का आरोप लगाया है।

# पृष्ठ एक का शेष

### राज्य के चार ...

क्षेत्रों में अफस्पा को छह महीने की अवधि के लिए बढ़ा दिया था। 1 अप्रैल 2024 से इन्हें *अशांत क्षेत्र* घोषित किया जाएगा। इसके अलावा, भारत सरकार ने असम राज्य की सीमा से लगे अरुणाचल प्रदेश के नामसाई जिले के नामसाई, महादेवपुर और चौखम पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों में भी अफस्पा बढ़ा दिया है। केंद्र सरकार ने इस साल 1 अप्रैल से नगालैंड के पांच जिलों के आठ जिलों और 21 पुलिस स्टेशनों को छह महीने की अवधि के लिए *अशांत क्षेत्र* घोषित किया था।

### 2032 तक सभी...

सबका विकास और सबका विश्वास के सिद्धांत पर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि यह बात अलग है कि कांग्रेस नेता रकिबुल हुसैन, रेकिबुद्दीन अहमद, नुरुल हुदा आदि जैसे नेता भाजपा में नहीं आ सकते हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के कई अन्य सवालों के भी सीधे-सीधे उत्तर दिए।

### आरबीआई के 90 ...

में भारतीय रिजर्व बैंक लिखा होगा। इस लोगो के नीचे RBI@90 लिखा होगा। वहीं सिक्के के दूसरी तरफ अशोक स्तम्भ के नीचे मूल्यवर्ग 90 रुपए लिखा होगा जिसके दाएं और बाएं हिंदी और अंग्रेजी में भारत लिखा होगा। भारत सरकार की कोलकता टकसाल में बने इस 90 रुपए के सिक्के का वजन 40 ग्राम होगा जो कि 999 शुद्ध चांदी से बना होगा। सुधीर ने बताया कि इससे पहले भी 1985 में रिजर्व बैंक की स्वर्ण जयंती पर तथा 2010 में रिजर्व बैंक की प्लेटिनम जुबली पर स्मारक सिक्के जारी हो चुके है। इस 90 रुपए के सिक्के के अनावरण होने के बाद इस सिक्के को अंकित मूल्य से अधिक प्रीमियम पर बिक्री किया जाएगा। सुधीर के अनुसार इस सिक्के की अनुमानित कीमत 5200 से 5500 रुपए के आसपास होने की संभावना है। इस सिक्के को लेकर देशभर के बैंककर्मियों सहित सिक्कों के संग्रहकर्ताओं में काफी उत्साह है। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग ने इस सिक्के को जारी करने हेतु गजट नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है।

### जम्मू-श्रीनगर : गहरी...

कि शोक संतप्त परिवारों के प्रति मैं हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। उधर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में एक कार के खाई में गिरने से 10 लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से मृतकों के परिजनों के लिए दो लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की गई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामबन क्षेत्र में एक गाड़ी के खाई में गिरने से अनेक लोगों के हताहत होने का समाचार बहुत दुखद है। मैं शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करती हूं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने संदेश में कहा कि जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामबन क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत के बारे में सुनकर दुख हुआ। शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करता हूं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर के रामबन में हुए हादसे पर दुख जताया है। वह शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। इसमें आगे कहा है कि प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के रामबन में शुक्रवार तड़के एक एसयूवी कार जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग से फिसलकर खाई में गिर गई, जिससे दस लोगों की मौत हो गई। ये लोग श्रीनगर से जम्मू की ओर जा रहे थे।

### सरकार बदली तो ...

आंखें बंद कर ली हैं जबकि उस पर 4600 करोड़ रुपए का जुर्माना बनता है। पार्टी ने यह दावा भी किया कि लोकसभा चुनाव से पहले *कर आतंकवाद* (टैक्स टेररिज्म) के जरिये विपक्ष पर हमला किया जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने *एक्स* पर पोस्ट किया कि भाजपा द्वारा 42 करोड़ रुपए जमा करने के लिए 4,600 करोड़ रुपए के जुर्माने की अनदेखी की गई, जबकि कांग्रेस के विधायकों और सांसदों द्वारा 14 लाख नकद जमा करने के लिए 135 करोड़ रुपए के जुर्माने की मांग की गई है। उन्होंने सवाल किया कि केवल विपक्ष के खिलाफ इस अनुचित तरीके से कार्रवाई करने के लिए आयकर विभाग पर कौन दबाव डाल रहा है? कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को परेशान करने के लिए आयकर विभाग को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की अनुमति क्यों दी जा रही है? वे लोकतंत्र को नष्ट करने और संविधान को कमजोर करने के लिए आयकर विभाग, ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग कर रहे हैं। उनके मुताबिक कि निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के जरिये मिली जानकारी से पता चलता है कि 2017-18 में 1297 लोगों ने अपना नाम और पता बताए बिना भाजपा को 42 करोड़ रुपए दिए। कांग्रेस पर 14 लाख रुपए जमा के लिए 135 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया और उसका खाता फ्रीज कर दिया गया। लेकिन पिछले सात वर्षों में भाजपा पर कुल जुर्माना 4,600 करोड़ रुपए के बराबर है।

### अरुणाचल : अमेरिका पर ...

लाभ के लिए दो देशों के बीच विवाद भड़काने का अमेरिका का इतिहास रहा है। वह अमेरिका के उस हालिया बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे जिसमें कहा गया था कि वाशिंगटन अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है। वू कियान ने कहा कि सीमा मुद्दों पर चीन और भारत के बीच परिपक्व तंत्र और संवाद चैनल हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के पास बातचीत और परामर्श के जरिए सीमा मुद्दे को ठीक से संभालने की क्षमता और इच्छा है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने नौ मार्च को कहा था कि अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है और हम वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैन्य या असैन्य घुसपैठ या अतिक्रमण के माध्यम से क्षेत्रीय दावे करने के किसी भी एकपक्षीय प्रयास का कड़ा विरोध करते हैं। वू ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश चीन का हिस्सा है। भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के क्षेत्रीय दावों को बार-बार खारिज किया है और कहा है कि यह राज्य देश का अभिन्न अंग है।

### जापान में हैल्थ ...

अधिकारियों ने बताया कि कोलेस्ट्रॉल कम करने में उपयोग किये जाने वाले *बेनीकोजी कोलेस्टे हेल्प* समेत कई उत्पादों का सेवन करने के बाद 114 लोगों का अस्पतालों में उपचार हो रहा है। बेनीकोजी कोलेस्टे हेल्प में बेनीकोजी नामक सामग्री मिली है जो फफूंद की लाल प्रजाति है। इस सप्ताह की शुरुआत में मृतकों की संख्या दो थी। उत्पाद निर्माता के अनुसार, कुछ लोगों को इन उत्पादों के सेवन के बाद किडनी में समस्या पेश आने लगी लेकिन सरकारी प्रयोगशालाओं के साथ मिलकर असल वजह का अभी पता लगाया जा रहा है। कंपनी के अध्यक्ष अकीहिरो कोबायाशी ने लोगों की मौत होने और बीमार पड़ने को लेकर शुक्रवार को माफी मांगी। कंपनी ने बेनीकोजी सामग्री वाले कई अन्य उत्पादों को बाजार से वापस ले लिया है। जापान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इन उत्पादों की सूची अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित की है। इन उत्पादों में वे उत्पाद भी शामिल है जिनमें *फूड कलर* के लिए बेनीकोजी का इस्तेमाल किया गया है। मंत्रालय ने आगाह किया है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। कोबायाशी फार्मास्युटिकल वर्षों से बेनीकोजी उत्पाद बेच रही है, लेकिन समस्याएं 2023 में बने उत्पादों के साथ शुरू हुई। कंपनी ने बताया कि उसने पिछले साल 18.5 टन बेनीकोजी का उत्पादन किया।

### गुवाहाटी में जुबिन...

लोगों को अपनी योजनाओं को समायोजित करने के लिए बहुत कम समय मिला। इस घोषणा से उन टिकट धारकों में हताशा और निराशा फैल गई है जो लाइव प्रदर्शन का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। यूआर ड्रीम्स सारेगामा रिकग्निशन अवार्ड्स 2024 की आयोजन टीम ने सभी प्रभावित व्यक्तियों से ईमानदारी से माफी मांगी है और 7-10 कार्य दिवसों के भीतर खरीदे गए टिकटों के लिए रिफंड सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया है। आखिरी मिनट में हुए इस रद्दीकरण ने कई लोगों को उन तार्किक चूकों के बारे में आश्चर्यचकित कर दिया है जिनके कारण तकनीकी गड़बड़ियां हुई और इसका भविष्य की घटनाओं पर क्या प्रभाव पड़ेगा। घटनाओं के इस अप्रत्याशित मोड़ के बारे में अधिक जानकारी अपेक्षित है।

### आयकर विभाग ने ...

के लिए नए नोटिस मिले हैं। पहले ही आयकर विभाग ने हमारे बैंक खाते से जबरन 135 करोड़ रुपए निकाल लिए हैं। उनके मुताबिक, इन 1823 करोड़ रुपए में से 53.9 करोड़ रुपए की मांग वित्त वर्ष 1993-94 के कर आकलन के आधार पर की गई है जब सीताराम केसरी कांग्रेस के अध्यक्ष थे। माकन की ओर से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, आयकर विभाग ने वर्ष 2016-17 के लिए 181.99 करोड़ रुपए, 2017-18 के लिए 178.73 करोड़ रुपए, 2018-19 के लिए 918.45 करोड़ रुपए तथा 2019-20 के लिए 490.01 करोड़ रुपए के नोटिस दिए हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु किया जा रहा है। माकन ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले समान अवसर की स्थिति को खत्म करने के लिए यह सब किया जा रहा है तथा लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आयकर विभाग के जिन नियमों की आड़ में कांग्रेस को परेशान किया जा रहा है, उन्हीं नियमों को लेकर भाजपा को छूट दी जा रही है। कांग्रेस का 14 लाख रुपए का वायलेशन बताकर *भाजपा के आयकर विभाग* ने कांग्रेस के 135 करोड़ रुपए ले लिए। लेकिन भाजपा को 42 करोड़ रुपए का चंदा देने वालों का न कोई नाम है, न कोई पता है, उस पर कोई कार्रवाई नहीं की। माकन का कहना था कि आयकर विभाग ने भाजपा के 42 करोड़ रुपए से संबंधित नियमों के उल्लंघन पर तो आंख पर पट्टी बांध ली, लेकिन कांग्रेस के 14 लाख रुपए जो कि हमारे 23 नेताओं ने दिए हैं, जिनके नाम और पते भी हैं, उसके आधार पर हमारे 135 करोड़ रुपए छीन लिए। उन्होंने कहा कि भाजपा से 4617 करोड़ रुपए वसूले जाने चाहिए। माकन का कहना था कि वह इस मामले में अदालत में जनहित याचिका दायर करने के बारे में भी विचार कर रहे हैं। रमेश ने दावा किया कि पूरे देश को पता चल गया है कि चुनावी बॉण्ड घोटाले से भाजपा ने करीब 8,250 करोड़ रुपए चंदा इकट्ठा किया है...भाजपा सरकार अलग-अलग तरीके से लगातार विपक्षी पार्टी को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि हम डरने वाले नहीं हैं। अपना चुनाव अभियान जारी रखेंगे। जो लोग डराने की कोशिश कर रहे हैं वो खुद डरे हुए हैं। आयकर अधिकारियों द्वारा 210 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाने और उसके बैंक खातों को *फ्रीज* करने के कारण कांग्रेस पहले से ही धन की कमी का सामना कर रही है। पार्टी को मामले में उच्च न्यायालय से कोई राहत नहीं मिली है और वह जल्द ही उच्चतम न्यायालय का रुख करेगी। पार्टी ने भाजपा पर 19 अप्रैल से शुरू होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले उसे आर्थिक रूप से पंगु बनाने और उसके खिलाफ कर अधिकारियों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है।

### भाजपा तमिलनाडु में ...

सत्तारूढ़ डीएमके और उसके सहयोगियों पर भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था, नशा और परिवारवाद को लेकर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इनके सत्ता में आने के बाद से राज्य में शासन की हालत खराब है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को ऐसे सभी मुद्दों को बूथ के हर परिवार तक पहुंचाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि डीएमके जैसे राजनीतिक दल मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से डरते हैं और इसलिए वे इन योजनाओं का लाभ लोगों तक नहीं पहुंचने देते हैं। इसके अलावा वे मोदी सरकार की सभी योजनाओं पर अपनी योजनाओं के स्टीकर भी चिपकाते हैं, इसलिए भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं का कर्तव्य बनता है कि वे जनता को योजनाओं और उनके लाभों के बारे में जागरूक करें। इससे तमिलनाडु के लोगों में विश्वास पैदा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ताओं से जुड़ा कार्यक्रम उन्हें आनंद से भर देता है। उन्होंने स्वयं एक कार्यकर्ता के रूप में लंबे समय तक काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की तमिलनाडु टीम के सभी सदस्य लंबे समय से शानदार काम कर रहे हैं। *मेरा बूथ, सबसे मजबूत* का ये प्रोग्राम एक-दूसरे से कनेक्ट करने का और एक-दूसरे से सीखने का कार्यक्रम है।

### आयकर के नोटिस ...

भेज दिया, जो स्वीकार्य नहीं है। वेणुगोपाल ने पत्र में यह भी कहा है कि इससे पहले आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस पार्टी के अकाउंट से जबरन 125 करोड़ रुपए निकाल लिये गए। उन्होंने कहा कि आठ वर्ष पुराने आयकर रिटर्न को आधार बनाकर आयकर विभाग जुर्माना लगा रहा है, जो पूरी तरह गलत है।

### सीरिया पर इजराइल ...

इजराइल ने सीरिया में हिजबुल्लाह और ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स दोनों पर अपने हवाई हमले बढ़ा दिए हैं। तेहरान और उसके प्रतिनिधियों ने अलेप्पो और राजधानी दमिश्क सहित पूरे सीरिया में अपनी जड़ें जमा ली हैं। इजराइल ने क्षेत्र में ईरान के सहयोगियों को हथियारों के प्रवाह को बाधित करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में दोनों शहरों में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर बार-बार हमला किया है, लेकिन 7 अक्तूबर के बाद से हमले घातक हो गए हैं और ईरान को सीरिया से अपने कुछ शीर्ष अधिकारियों को वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। सीरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इजरायली हमलों ने देर रात करीब 1:45 बजे (स्थानीय समयानुसार) अलेप्पो प्रांत के दक्षिणपूर्वी हिस्से में कई इलाकों पर हमला किया, जिसमें कई नागरिक और सैन्यकर्मी मारे गए। इसमें कहा गया है कि हवाई हमले इदलिब और पश्चिमी ग्रामीण अलेप्पो से किए गए ड्रोन हमलों के साथ मेल खाते हैं, जिन्हें मंत्रालय ने अलेप्पो और उसके आसपास के नागरिकों के खिलाफ आतंकवादी संगठनों द्वारा किए गए हमलों के रूप में वर्णित किया है। इजरायली सेना ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। तीन सुरक्षा सूत्रों ने रॉयटर्स को बताया कि मृतकों में हिजबुल्लाह के पांच सदस्य शामिल हैं। उनमें से एक स्थानीय फील्ड कमांडर था, जिसका भाई नवंबर में दक्षिणी लेबनान पर एक इजरायली हमले में मारा गया था। इजराइल और हिजबुल्लाह गाजा युद्ध के समानांतर लेबनान की दक्षिणी सीमा पर गोलीबारी कर रहे हैं। दक्षिणी लेबनान पर इजरायली हमलों में 270 से अधिक हिजबुल्लाह सदस्य और 50 नागरिक मारे गए हैं, जिनमें चिकित्सक, नागरिक और पत्रकार भी शामिल हैं। उत्तरी इजरायल में लगभग एक दर्जन इजरायली सैनिक और आधे से अधिक नागरिक मारे गए हैं।

## मणिपुर पुलिस ने 347 लोगों को लिया हिरासत में

**इंफाल ( हिंस )।** मणिपुर पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों के संवेदनशील तथा दुर्गम इलाकों में सघन छापामारी तथा तलाशी अभियान चलाया। अभियान में भारतीय न्याय संहिता की अलग-अलग धाराओं के उल्लंघन के सिलसिले में 247 लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने आज बताया कि आवश्यक वस्तुओं के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 37 पर 301 तथा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 2 पर 256 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। वाहनों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सभी संवेदनशील स्थानों पर कड़े सुरक्षा उपाय किए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों को व्यापक पैमाने पर तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि पहाड़ी और घाटी दोनों में मणिपुर के विभिन्न जिलों में 130 नाके और जांच चौकियां स्थापित की गई हैं।

# मुख्यमंत्री समझते हैं कि उनकी कुर्सी स्थायी है : कांग्रेस अध्यक्ष

**गुवाहाटी ( हिंस )।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा ने मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, जिसमें मुख्यमंत्री ने भूपेन बोरा के भाग्य को लेकर टिप्पणी की है। भूपेन बोरा ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मेरे (भूपेन बोरा के) भाग्य की बात करने वाले मुख्यमंत्री की सबसे बड़ी गलतफहमी यह है कि वह यह समझते हैं कि वह (हिमंत) हमेशा ही इसी पद पर बने रहेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि श्रीमद्‌भागवत गीता में भगवान ने कहा है कि तुम आज जहां हो, वहां पहले कोई और था। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इस सच्चाई को मुख्यमंत्री को नहीं भूलना चाहिए। एक प्रश्न के उत्तर में कांग्रेस अध्यक्ष बोरा ने कहा कि हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में भाजपा ने आज तक कोई चुनाव नहीं जीता है। उन्होंने कहा कि 2014 का चुनाव नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जीता गया। जबकि, 2019 और 2021 का चुनाव सर्बानंद सोनोवाल के नेतृत्व में जीता गया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री की बातों को असम की जनता उतना महत्व नहीं देती है। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्रकारों के अन्य कई सवालों के सीधे-सीधे उत्तर दिए।

## यमुनाटारी में लापता दोनों किशोरों के मिले शव

**कोकराझाड़ ( हिंस )।** जिले के अंतर्गत तुलसीबील पुलिस चौकी इलाके के यमुनाटारी गांव से गुरुवार शाम 4 बजे से लापता दो किशोरों का शव शुक्रवार को बरामद हुए हैं। पुलिस जांच कर रही है। दो बच्चों की मौत की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई है। बताया गया कि गांव यमुनाटारी के दो बच्चे नूरजामाल हक (10) और रकीबुल अली (9) लापता हो गए थे। आज सुबह दोनों बच्चों के शव घर के पास ही एक धान के खेत मिले। स्थानीय लोगों ने शवों को देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने तुलसीबील पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला सदर अस्पताल भेज दिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार एक बच्चे के पेट पर चोट के निशान थे। पुलिस ने एक प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एडीपी ने पूर्व मंत्री तुमके बागरा को जारी किया *कारण बताओ* नोटिस

**इटानगर ( हिंस )।** अरुणाचल डेमोक्रेटिक पार्टी (एडीपी) की ओर से अरुणाचल वेस्ट-संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा उम्मीदवार के रूप में टिकट मिलने के बाद भी नामांकन दाखिल करने में विफल रहने पर पार्टी का नाम खराब करने के लिए पूर्व मंत्री तुमके बागरा के विरूद्ध पार्टी ने *कारण बताओ* नोटिस जारी किया है। आज यहां अरुणाचल प्रेस क्लब में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए एडीपी प्रवक्ता जॉनी यांगफो ने बताया कि पिछले 28 मार्च को पार्टी ने तुमके बागरा को तीन दिनों के अंदर पार्टी के सदस्यों के सामने पेश होने के साथ ही उन्हें *कारण बताओ* नोटिस जारी किया गया है। पार्टी का टिकट प्राप्त करने के बाद भी नामांकन दाखिल करने में विफल रहने के मामले में लिखित में उत्तर देने को कहा गया है। उन्होंने ने कहा कि बागरा ने अंतिम समय में भी अपना नामांकन दाखिल नही किया है, बल्कि उन्होंने इस मामले की जानकारी पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) को भी नही दी है। विशेष रूप से और समग्र रूप से पार्टी के विश्वास के साथ खिलवाड़ा किया है। उन्होंने कहा कि हमें यह जानकर बहुत दुख हुआ कि बागरा ने पार्टी का टिकट प्राप्त करने के बाद भी अपना नामांकन दाखिल नहीं किया। बागरा की कार्रवाई से पार्टी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि बागरा को भाजपा ने वेस्ट सियांग जिले के आलो पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से टिकट देने से इनकार कर दिया था, जिसके चलते वे एडीपी में शामिल हो गए थे। उन्होंने कहा कि दो से अधिक पार्टी उम्मीदवारों के आवेदन को अस्वीकार करते हुए एडीपी ने बागरा को टिकट दिया था, क्योंकि वह समाज में प्रतिष्ठा रखते हैं। वे एक वरिष्ठ नेता भी हैं, इसलिए हमने उन पर भरोसा कर लिया था। एडीपी प्रवक्ता ने कहा कि हम जांच करेंगे और जो लोग पार्टी को कलंकित करने या शर्मसार करने के लिए जिम्मेदार पाए जाएंगे, उन्हें पार्टी के नियमों के अनुसार दंडित किया जाएगा।

## अतिरिक्त स्वास्थ्य सेवा निदेशक के कार्यालय परिसर से मिला सुरक्षाकर्मी का शव

**गुवाहाटी ( हिंस )।** नगर के पथरक्वारी इलाके में स्वास्थ्य सेवा के अतिरिक्त निदेशक के कार्यालय परिसर में स्थित एक घर में रहस्यमय परिस्थितियों में सुरक्षा गार्ड का शव मिला है। नूनमटी पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार सुरक्षा गार्ड कृष्णा शर्मा (52) गुरुवार शाम को ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए नूनमटी स्थित अपने आवास से कार्यालय पहुंचे थे। बाद में शुक्रवार को कृष्णा शर्मा का शव सुरक्षाबल के कार्यालय में मिला। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई की। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने मृतक के मुंह से झाग और नाक से खून बहते देखा। मृतक के परिजनों ने आशंका व्यक्त की कि योजनाबद्ध तरीके से कृष्णा की हत्या की गयी है। शर्मा का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तेंगनौपाल में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

OFFICER IN CHARGE
KAKCHING POLICE STATION
Kakching District, Manipur

**इंफाल ( हिंस )।** मणिपुर में हथियार और गोला बारूद की बरामदगी का सिलसिला लगातार जारी है। इसी सिलसिले में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद संयुक्त सुरक्षा बलों के अभियान में बरामद किया गया। मणिपुर पुलिस ने आज बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान और क्षेत्र प्रभुत्व चलाया गया। तलाशी अभियान के दौरान एक एसएलआर राइफल एक खाली मैगजीन के साथ, एक पिस्तौल एक खाली मैगजीन के साथ, एक 12 बोर राइफल, एक केनबो बाइक, 502 राउंड मिश्रित गोला बारूद, 200 ग्राम बारूद, आईईडी का कच्चा माल और तीन रेडियो सेट के साथ तीन बैटरी तेंगनौपाल जिले के यंगौबुंग गांव से बरामद किया गया। एक अन्य तलाशी अभियान में काकचिंग जिले के एप्पल फार्म के पास मोइरंगपत काचिन से दो हथगोले और एक मैगजीन के साथ छोटे हथियार बरामद किए गए। सुरक्षा बलों द्वारा पूरे राज्य में छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

## सात दिवसीय श्रीमद्‌भागवत पाठ का आयोजन शुरू

**गोलाघाट ( हिंस )।** चैत्र माह को आध्यात्मिक महीना भी कहा जा सकता है। चैत्र महीने में हिंदू धर्ममावलंबी धार्मिक, आध्यात्मिक गतिविधियां करते नजर आते हैं। खासतौर पर असम का बड़ा असमिया समाज चैत्र महीने में लगातार श्रीमद्‌भागवत का पाठ करता नजर आता है। इसी कड़ी में गोलाघाट जिलांतर्गत बोकाखात के करैआटि गांव में आज से अनवरत श्रीमद्‌भागवत पठन-पाठन का कार्यक्रम शुरू हो गया है। गांव के लोगों ने आज से 9वें वार्षिक सार्वजनिक श्रीमद्‌भागवत का निरंतर पाठ शुरू कर दिया है। सुबह शांतिजल आनंद के तुरंत बाद खूबसूरती से सजाए गए तोरण का अनावरण किया गया। इसके बाद, भागवत को बोकाखात शहर की परिक्रमा कर नामघर में इसकी स्थापना की। ध्वजारोहण, दीप प्रज्ज्वलन, भकत बरन आदि कार्यक्रम के बाद सात दिनों तक श्रीमद्‌भावगत का अनवरत पाठ चलेगा।

## मामा ने की भांजे हत्या आरोपी गिरफ्तार

**मोरीगांव ( हिंस )।** मोरीगांव जिले के न-नयनगुड़ी इलाके में एक व्यक्ति द्वारा द्वारा दावा से हमला कर अपने भांजे की हत्या किये जाने की घटना को लेकर इलाके में सनसनी फ़ैल गई। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि जिले के न-नयनगुड़ी इलाके में भूमि विवाद के लेकर आरोपी मामा रूपन लस्कर ने अपने भांजे भौमिक कोंवर पर धारदार दाव से प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने भांजे की हत्या करने के आरोप में रूपन लस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मृतक का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोरीगांव सदर अस्पताल भेज दिया।

# सड़क हादसें में एक महिला गंभीर रूप से घायल

**गुवाहाटी ( हिंस )।** राजधानी गुवाहाटी के जालुकबाड़ी में राष्ट्रीय राजमार्ग 37 पर आज दोपहर के समय एक बोलेरो (एएस-15एम-3400) वाहन बरपेटा से जयनगर की ओर जाते समय एक महिला पैदल यात्री को बचाने के प्रयास में पलट गई। हादसे के दौरान एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। वाहन चालक ने बताया कि सड़क के किनारे खड़ी एक बुजुर्ग महिला सड़क पर ध्यान दिए बिना अचानक सड़क पार करने लगी। इसी बीच महिला को बचाने के चक्कर में अचानक ब्रेक लगाना पड़ा जिसके चलते वाहन सड़क पर पलट गया। स्थानीय निवासी मौके पर पहुंचककर वाहन में बैठे यात्रियों को बचाया और ट्रैफिक पुलिस को सूचना दी। बोलेरो वाहन में बैठे यात्रियों की जान किसी तरह बचाई गई। मौके पर पहुंची ट्रैफिक पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल रेफर किया।

# चोरी में लिप्त चार व्यक्तियों को रेसुब ने किया गिरफ्तार

N.F. RAILWAY
रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) की रेलवे सुरक्षा बल (रेसुब) ने जोन में नियमित जांच और अभियान चलाते हुए यात्रियों के सामान की चोरी में लिप्त 04 लोगों को गिरफ्तार किया है। विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में इस जांच के दौरान, उनलोगों ने गुवाहाटी, न्यू बंगाईगांव, बारसोई, पांजीपारा आदि रेलवे स्टेशनों से लगभग 1.03 लाख रुपए के कीमती सामान सफलतापूर्वक बरामद किया। पकड़े गए सभी लोगों को बरामद कीमती सामान के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपी के संबंधित प्रभारी को सौंप दिया गया। पूसीरे के सीपीआरओ सब्यसाची दे ने आज बताया है कि गत 26 मार्च की एक घटना में, बारसोई की रेसुब टीम ने जीआरपी टीम के साथ संयुक्त रूप से बारसोई रेलवे स्टेशन पर जांच अभियान के दौरान चोरी हुए लगभग 30 हजार रुपए मूल्य के दो मोबाइल फोन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसी दिन, गुवाहाटी की रेसुब टीम ने गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर जांच अभियान चलाया और चोरी हुआ लगभग 10 हजार रुपए मूल्य के एक मोबाइल फोन के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा। वहीं, 25 मार्च को, किशनगंज की रेसुब टीम ने कटिहार की सीपीडीएस टीम के साथ संयुक्त रूप से पांजीपारा रेलवे स्टेशन पर जांच अभियान चलाया और एक व्यक्ति को पकड़ा तथा उसके पास से चोरी हुए लगभग 60 हजार रुपए मूल्य के एक मोबाइल फोन के साथ एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। जबकि, 23 मार्च को न्यू बंगाईगांव की रेसुब टीम ने रंगिया की सीपीडीएस टीम के साथ संयुक्त रूप से न्यू बंगाईगांव रेलवे स्टेशन पर जांच अभियान चलाया और एक व्यक्ति को पकड़ा तथा उसके पास से चोरी हुए लगभग 03 हजार रुपए मूल्य के एक मोबाइल फोन के साथ एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। चालू वर्ष के फरवरी में, पूसीरे की रेसुब ने यात्रियों के सामान की चोरी में लिप्त 34 लोगों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए सभी व्यक्तियों को बरामद कीमती सामान के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित जीआरपी प्रभारी को सौंप दिया गया।

# मारवाड़ी अस्पताल में महिलाओं के लिए संगोष्ठी आयोजित

"INTERNATIONAL WOMEN'S DAY CELEBRATION"
Adhivakta Parishad Assam Prant

**गुवाहाटी ( विभास )।** मारवाड़ी अस्पताल ने अधिवक्ता परिषद, असम प्रांत के सहयोग से मारवाड़ी अस्पताल में महिलाओं के लिए गोष्ठी की। जिसका विषय था *राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका*। विषय का व्यापक संदर्भ था- कार्यस्थल पर महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों और उपायों का विशेष संदर्भ। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों में मारवाड़ी अस्पताल के अध्यक्ष रमेश गोयनका, अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और अधिवक्ता परिषद असम प्रांत के अध्यक्ष प्रो. विनोद भात्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता मिली हजारिका, जालुकबाडी डिवीजन की आईपीएस एसीपी सुश्री सोमालिन शुभदर्शनी, मारवाड़ी अस्पताल के महासचिव आरएस जोशी और अधिवक्ता जयश्री बैश्य शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। उसके बाद वंदे मातरम हुआ और मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथि और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का अभिनंदन किया गया। स्वागत भाषण मारवाड़ी अस्पताल के अध्यक्ष रमेश गोयनका ने दिया। अपने भाषण में श्री गोयनका ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में महिलाओं की भूमिका हर क्षेत्र और जीवन के हर क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। हमारे अस्पताल में भी 65 प्रतिशत कर्मचारी महिलाएं हैं। महिला कार्यबल हमारे अस्पताल के किसी भी कार्य में योगदान की रीढ़ है। हमारे पास महिलाओं के लिए सुरक्षा उपाय भी हैं, और हमारे पास महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए एक शिकायत समिति भी है। कार्यक्रम के उद्‌घाटन खंड में अधिवक्ता परिषद के बारे में परिचय जयश्री बैश्य, सचिव (संगठन), अधिवक्ता परिषद असम प्रांत द्वारा किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता मिल्ली हजारिका द्वारा *राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका* (कार्यस्थल पर महिलाओं द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों और उपायों का विशेष संदर्भ) पर एक व्याख्यान दिया गया। अपने व्याख्यान में उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ हर जगह यौन दुर्व्यवहार होता है, यह काफी आम बात है। कुछ का यौन उत्पीड़न भी होता है, इसलिए हमारे लिए ऐसी महिलाओं या किसी भी महिला के लिए खड़ा होना बहुत जरूरी था। इन सभी के अनुसार, हमने अधिवक्ता परिषद नामक इस संगठन की शुरुआत की है। सुश्री सोमालिन शुभदर्शनी, आईपीएस (एसीपी जालुकबारी डिवीजन) ने *महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करने और चुनौतियों को पार करने और लक्ष्य तक पहुंचने में कानून प्रवर्तन एजेंसी की भूमिका* पर व्याख्यान दिया। सुश्री सोमालिन ने यह भी कहा कि अभी भी कई व्यवसायों में पुरुष और महिलाओं के साथ समान व्यवहार नहीं किया जाता है। किसी भी कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए कई चुनौतियां हैं। महिलाओं के खिलाफ हर जगह अपराध होते हैं जिन्हें बदलने और हल करने की जरूरत है। इस कारण से, हाल के दिनों में पूरे देश में कई महिलाओं को पुलिस अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया। हालांकि, हाल के इतिहास में असम में महिलाओं के खिलाफ अपराध कम हुए हैं। असम में महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। कार्यक्रम के अंत में मारवाड़ी अस्पताल के महासचिव श्री आरएस जोशी और अधिवक्ता परिषद असम प्रांत के अध्यक्ष प्रोफेसर विनोद भात्रा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य (अकिल भारतीय अधिवक्ता परिषद) ने संक्षिप्त भाषण दिया। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र भी हुआ। अधिवक्ता परिषद असम प्रांत की कार्यालय सचिव श्रीमती शिखा भट्टाचार्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया और उसके बाद राष्ट्रगान हुआ। यह भी उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम का संचालन और संचालन अधिवक्ता परिषद असम प्रांत की गुवाहाटी उच्च न्यायालय इकाई की स्टडी सर्किल की सह-संयोजक श्रीमती पंखी बोरा ने बहुत अच्छे से किया।

# खेलो इंडिया अस्मिता जूनियर महिला तैराकी प्रतियोगिता शुरू

### पहले दिन बंगाल की टीम ने छह स्वर्ण, सात रजत व छह कांस्य पदक जीते

SAI
KHELO INDIA
SWIMMING SERIES 2023
1
ASMITA

**गुवाहाटी ( हिंस )।** खेलो इंडिया अस्मिता महिला जूनियर तैराकी प्रतियोगिता शुक्रवार से गुवाहाटी के सरुसाजई स्टेडियम में स्थित डॉ. जाकिर हुसैन एक्वाटिक कांप्लेक्स में शुरू हो गई। केंद्र सरकार की पहल पर भारतीय खेल प्राधिकरण, भारतीय तैराकी संघ और असम तैराकी संघ के संयुक्त तत्वावधान में तैराकी की स्पर्धाएं शुरू हो गईं। इन स्पर्धाओं में बंगाल, मेघालय और असम की टीमों के 110 प्रतियोगियों ने भाग लिया। तैराकी के कड़े मुकाबलों में बंगाल की टीम ने छह स्वर्ण, सात रजत और छह कांस्य पदक जीतकर बढ़त बनाई है। घरेलू टीम असम चार स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर है। भारतीय खेल प्राधिकरण के गुवाहाटी कार्यालय की उप निदेशक अनन्या शर्मा और अखिल भारतीय तैराकी संघ के उपाध्यक्ष और असम तैराकी संघ के सचिव भास्कर रंजन दास ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। आयोजन समिति के अनुसार शनिवार को अंतिम दिन 10 स्पर्धाओं में प्रतियोगिता होगी।

## कलियोनी चाय बागान में मिला तेंदुआ का शव

**गोलाघाट ( हिंस )।** गोलाघाट के कलियोनी गुटीबारी में आज तेंदुए का शव बरामद किया गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने तेंदुए के शव को बरामद कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार गोलाघाट वन प्रभाग के बकियाल प्रखंड वन कार्यालय के अंतर्गत बुढ़ागोहाईखाट के 2 नंबर कलियोनी चाय बागान के गुटीबारी में आज एक तेंदुए का शव मिला। स्थानीय लोगों को संदेह है कि दो तेंदुए की लड़ाई के कारण एक तेंदुआ की मौत हुई होगी। इस बीच वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर पोस्टमार्टम की व्यवस्था की। वन विभाग का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही तेंदुए की मौत की वजह सामने आ पाएगी।

# मंगलदोई में रंगाली बिहू कार्यशाला का आयोजन

**दरंग ( हिंस )।** प्रदेश में लोकसभा चुनाव प्रचार के बीच रंगाली बिहू के स्वागत की तैयारी पूरे जोरशोर के साथ की जा रही है। इन दिनों पूरे राज्य भर में बिहू कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। बिहुवा बिहुवती सहित सभी बच्चे बिहुतली में नृत्य करने के लिए तैयार हैं। इसकी तैयारी आज दरंग जिला मुख्यालय शहर मंगलदोई के हाउली मोहन में देखने को मिली। पाही फाइन आर्ट स्कूल और समाज कल्याण युव संघ के सौजन्य से पांच दिवसीय बिहू नृत्य कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में बड़ी संख्या में युवक एवं युवतियां हिस्सा ले रही हैं। इस बिहू कार्यशाला में मंगलदोई के विभिन्न हिस्सों के कोन-कोन से युवा एवं बच्चे भाग ले रहे हैं।

# फॉरएवर ग्लोबल रैली 2024 के साथ भारत में यादगार अनुभव पाने के लिए हो जाएं तैयार

**मुंबई।** फॉरएवर लिविंग प्रोडक्ट्स ने आगामी फॉरएवर ग्लोबल रैली 2024 के साथ उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है, जो इनके सालाना कैलेंडर में महत्वपूर्ण आयोजन है। 9 अप्रैल से 14 अप्रैल 2024 के बीच नई दिल्ली में आयोजित यह रैली बेजोड़ अनुभव का वादा करती है। फॉरएवर द्वारा आयोजित यह असाधारण कार्यक्रम प्रतिभागियों के लिए बदलावकारी प्रशिक्षण, रोचक कार्यशालाएं, उनके प्रयासों के लिए सम्मान और भव्य रैली शो लेकर आएगा। ग्लोबल रैली 100 देशों से 12,000 से अधिक लोगों को एकजुट करते हुए फॉरएवर लिविंग प्रोडक्ट्स के एक और सफलता भरे साल का जश्न मनाएगी। उम्मीद है कि इस बार भारत में फॉरएवर ग्लोबर रैली पर्यटन को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, तथा हॉस्पिटेलिटी एवं पर्यटन सेक्टर से जुड़े हजारों भारतीयों को लाभान्वित करेगी। बड़ी संख्या में लोग इस प्रोग्राम में हिस्सा लेंगे। फॉरएवर लिविंग प्रोडक्ट्स के सीईओ ग्रेग मॉघान ने कहा कि एफजीआर 2024 उपस्थितगणों को चुनौतियों एवं अवसरों के बारे में परिचित कराएगा। यह सालाना रैली बड़ी संख्या में लोगों को एक मंच पर लाकर फॉरएवर लिविंग प्रोडक्ट्स की सफलता का जश्न मनाएगी। एक सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम में सेमिनार, कार्यशालाओं, प्रेस सम्मलनों, बिजनेस मालिकों के लिए सम्मान समारोहों, पहली बार एफजीआर क्वालीफायर अराइवल्स, कंट्री मैनेजर मीटिंग्स, डेली एक्टिविटीज, वीआईपी डिनर और ग्लोबल रैली शो का आयोजन किया जाएगा। मेजबान देश के रूप में भारत फॉरएवर ग्लोबल रैली 2024 में आने वाले मेहमानों का उत्सुकता से इंतजार कर रहा है। यह आयोजन सुनिश्चित करेगा कि सभी प्रतिभागी एवं एफबीओ (फॉरएवर बिजनेस मालिक) अपने साथ अच्छी यादें लेकर लौटें। हरीश सिंगला, कंट्री सेल्स मैनेजर, फॉरएवर लिविंग प्रोडक्ट्स, भारत ने कहा। यह विश्वस्तीय आयोजन 140 देशों से फॉरएवर के बिजनेस मालिकों को एक मंच पर लेकर आएगा, उन्हें ऐसा प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएगा जहां वे नए प्रोडक्ट्स के बारे में जान सकें, कारोबार रणनीतियों को एक दूसरे के साथ साझा कर सकें, अपने साथ मनोरंजक और प्रेरक अनुभव लेकर लौटें तथा एक साथ मिलकर व्यक्तिगत एवं सामुहिक सफलता का जश्न मनाएं। समाजिक उत्तरदायित्व के लिए प्रतिबद्धता के साथ फॉरएवर, फॉरएवर ग्लोबल रैली 2024 के दौरान रेक्स मॉघान फॉरएवर गिविंग फाउन्डेशन के माध्यम से विभिन्न पहलों का आयोजन करेगा। फाउन्डेशन चैरिटी वॉटर एवं फंडरेटिंग में योगदान देकर भारत के जरूरतमंद लोगों के लिए स्वच्छ पेय जल को सुलभ बनाएगा। साथ ही महिलाओं, बच्चां एवं प्राकृतिक आपदा से उबर रहे समुदायों को भी सहयोग प्रदान करेगा।

संपादकीय

# चुनाव विपक्ष-मुक्त नहीं

**सिर्फ** केजरीवाल की गिरफ्तारी के आधार पर इस निष्कर्ष तक नहीं पहुंचा जा सकता कि 2024 के आम चुनाव 'विपक्ष-मुक्त' हैं अथवा चुनावी रण समतल नहीं है। केजरीवाल के मुद्दे पर तो संयुक्त विपक्ष की रैली का आह्वान किया गया है, लेकिन हेमंत सोरेन भी झारखंड के चुने हुए मुख्यमंत्री थे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें इस्तीफा देने को बाध्य किया था। सोरेन की मासूमियत पर विपक्ष ने इतना शोर नहीं मचाया, जितना केजरीवाल को लेकर प्रलाप किया जा रहा है कि एक पदासीन मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया है। ईडी ने अदालत में बिंदुवार आरोप गिनाते हुए केजरीवाल को शराब घोटाले का 'सरगना' और 'मुख्य साजिशकार' करार दिया था। हवाला के जरिए करोड़ों रुपए कहां और कब पहुंचाए गए, उनके भी ब्योरे दिए गए हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीशों ने जब ईडी के दस्तावेजों और साक्ष्यों को देखा, तो वे चौंक क्यों गए? केजरीवाल को संरक्षण देने से इंकार क्यों किया? परोक्ष रूप से मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी की अनुमति क्यों दी? यह कैसे संभव है कि केजरीवाल के समर्थक प्रवक्ता तो सही सवाल उठा रहे हैं कि जांच एजेंसियों को बीते दो साल के दौरान घोटाले की चवन्नी तक बरामद नहीं हुई और अदालतें गलत हैं? बुनियादी सवाल यह है कि क्या केजरीवाल ही विपक्ष का केंद्रीय मुद्दा हैं? क्या एक पदासीन मुख्यमंत्री को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता, यदि वह करोड़ों के भ्रष्टाचार में संलिप्त है? विपक्ष के महत्वपूर्ण घटक उप्र, बिहार, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा आदि राज्यों में सक्रिय और प्रासंगिक हैं। वे भाजपा-एनडीए के लिए चुनौती ही नहीं, उन्हें पराजित भी कर सकते हैं। फिलहाल वे 'इंडिया' गठबंधन की छतरी तले एकजुट होने का दिखावा कर रहे हैं, लेकिन ऐसा प्रतीकात्मक ही है, क्योंकि ताजा संकेतों के मुताबिक, उनमें बिखराव के हालात अभी समन्वय में तबदील नहीं हुए हैं। यकीनन केजरीवाल की उपस्थिति इन राज्यों में गायब है। वे केजरीवाल की राजनीति के मोहताज नहीं हैं, लिहाजा ऐसी व्याख्या करने से बचना चाहिए कि 2024 के चुनाव विपक्ष-मुक्त हैं। लोकतंत्र और संविधान भी बिल्कुल सुरक्षित हैं। कमोबेश इस वक्त का विपक्ष उन्हें बचाने का ढोंग नहीं कर सकता। लोकतंत्र और संविधान इतने कमजोर नहीं होते कि एक मुख्यमंत्री को जेल हो गई, तो वे ध्वस्त हो गए! ईडी, सीबीआई, आयकर आदि ने पहले की सरकारों के दौरान भी विपक्ष के खिलाफ कार्रवाइयां की थीं और आज भी सिलसिला जारी है। कुछ आंकड़ों का औसत कम-ज्यादा हो सकता है। केजरीवाल ही लोकतंत्र और संविधान की आधार-भूमि नहीं हैं। केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी (आप) राजधानी दिल्ली की 7 और पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर जनादेश की दिशा और दशा तय करने में सक्षम हो सकती हैं, लेकिन संसदीय चुनाव में दिल्ली के 50 फीसदी से अधिक मतदाता भाजपा के पक्ष में वोट करते रहे हैं, ऐसे चुनावी रुझानों का इतिहास साक्षी रहा है। दिल्ली और पंजाब में कुछ हद तक मतदाताओं की सहानुभूति केजरीवाल के पक्ष में कारगर साबित हो सकती है, लेकिन वह चुनावी लहर की दिशा नहीं बदल सकती। कांग्रेस अपने बैंक खातों को फ्रीज किए जाने को लोकतंत्र का दमन मान रही है। ये दुष्प्रचार भी विपक्ष की रणनीति का हिस्सा हो सकते हैं। दरअसल बैंक खाते पूरी तरह आयकर विभाग ने फ्रीज नहीं कराए हैं। अब भी खातों में पर्याप्त पैसा है और कांग्रेस 115 करोड़ रुपए छोड़ कर शेष राशि चुनाव या अन्य मदों पर खर्च कर सकती है। यह भी दुष्प्रचार किया जा रहा है कि भाजपा सरकार विपक्ष के उन मुख्यमंत्रियों अथवा नेताओं को भी जेल में डलवा सकती है, जो उसके लिए राजनीतिक खतरा पेश कर सकते हैं। भारत एक संवैधानिक देश है, जहां सर्वोच्च अदालत ने केंद्र सरकार के भी कई फैसलों को पलटा है। बहरहाल चुनाव अपेक्षाकृत निष्पक्ष व स्वतंत्र हों, चुनाव आयोग इस प्रयास में है।

केजरीवाल की राजनीति के मोहताज नहीं हैं, लिहाजा ऐसी व्याख्या करने से बचना चाहिए कि 2024 के चुनाव विपक्ष-मुक्त हैं। लोकतंत्र और संविधान भी बिल्कुल सुरक्षित हैं। कमोबेश इस वक्त का विपक्ष उन्हें बचाने का ढोंग नहीं कर सकता। लोकतंत्र और संविधान इतने कमजोर नहीं होते कि एक मुख्यमंत्री को जेल हो गई, तो वे ध्वस्त हो गए! ईडी, सीबीआई, आयकर आदि ने पहले की सरकारों के दौरान भी विपक्ष के खिलाफ कार्रवाइयां की थीं और आज भी सिलसिला जारी है। कुछ आंकड़ों का औसत कम-ज्यादा हो सकता है। केजरीवाल ही लोकतंत्र और संविधान की आधार-भूमि नहीं हैं। केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी (आप) राजधानी दिल्ली की 7 और पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर जनादेश की दिशा और दशा तय करने में सक्षम हो सकती हैं, लेकिन संसदीय चुनाव में दिल्ली के 50 फीसदी से अधिक मतदाता भाजपा के पक्ष में वोट करते रहे हैं, ऐसे चुनावी रुझानों का इतिहास साक्षी रहा है।

### जल की कमी दुनिया भर में पलायन का प्रमुख कारण है और विस्थापित लोग जिन स्थानों पर बसते हैं वहां संसाधनों पर दबाव पड़ता है

# जल संसाधनों का कुप्रबंध

**डा. वरिंदर भाटिया**

संयुक्त राष्ट्र ने विश्व जल दिवस के मौके पर जारी एक रिपोर्ट में यह चेतावनी दी है। यूएन की ओर से जारी रिपोर्ट 'यूएन वल्र्ड वॉटर डेवलपमेंट रिपोर्ट 2024' की थीम 'शांति और समृद्धि के लिए जल जरूरी' रखी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी के लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता दुनिया में शांति के लिए जरूरी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में फिलहाल करीब एक चौथाई मानवता यानी 2 .2 अरब लोगों की पहुंच स्वच्छ पेयजल तक नहीं है और 3 .5 अरब लोग स्वच्छ और साफ स्थितियों में जीवनयापन नहीं कर रहे हैं।

**बाईस** मार्च को विश्व जल दिवस मनाया गया। ताजा खबरों के अनुसार इस समय दुनिया में बढ़ता जल संकट वैश्विक स्तर पर तनाव और अस्थिरता में बढ़ोतरी कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने विश्व जल दिवस के मौके पर जारी एक रिपोर्ट में यह चेतावनी दी है। यूएन की ओर से जारी रिपोर्ट 'यूएन वल्ड वॉटर डेवलपमेंट रिपोर्ट 2024' की थीम 'शांति और समृद्धि के लिए जल जरूरी' रखी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी के लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता दुनिया में शांति के लिए जरूरी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में फिलहाल करीब एक चौथाई मानवता यानी 2.2 अरब लोगों की पहुंच स्वच्छ पेयजल तक नहीं है और 3.5 अरब लोग स्वच्छ और साफ स्थितियों में जीवनयापन नहीं कर रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जल संकट का पहला शिकार बालिकाएं और महिलाएं होती हैं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाएं, क्योंकि परिवार के लिए पानी लाने और संग्रह करने की जिम्मेदारी मुख्य रूप से उन्हीं पर होती है। रिपोर्ट के अनुसार, लड़कियों को अस्वच्छ हालात में दिन के कई घंटे पानी लाने और ले जाने में बिताने पड़ते हैं। इस कारण उनका स्कूल छूट जाता है। इसे रोकना चाहिए। जल उपलब्धता में कमी के कारण दुनिया में अराजकता के हालात पैदा हो रहे हैं। जल की कमी दुनिया भर में पलायन का प्रमुख कारण है और विस्थापित लोग जिन स्थानों पर बसते हैं वहां संसाधनों पर दबाव पड़ता है। यूएन की रिपोर्ट में सोमालिया में एक अध्ययन का हवाला दिया गया है जिसमें विस्थापित लोगों के एक समूह के खिलाफ महिला उत्पीडन और हिंसा में 200 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में कम से कम 10 प्रतिशत वैश्विक पलायन जल संकट से जुड़ा हुआ है। अब जबकि दुनिया में जलवायु से जुड़ी अनियमितताएं बढ़ रही हैं, इससे जुड़ा पलायन भी बढ़ना तय है। रिपोर्ट के अनुसार, जल संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित गरीब देश हैं, जिनके लिए जलवायु परिवर्तन से अनुकूलन के समुचित साधन नहीं हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि गरीब देशों में 80 फीसदी नौकरियां पानी पर निर्भर होती हैं, क्योंकि यहां रोजगार सेक्टर की निर्भरता कृषि पर होती है। जबकि विकसित देशों में रोजगार की पानी पर निर्भरता 50 फीसदी ही होती है। ऐसे में गरीब देशों में जल संकट से समूची अर्थव्यवस्था में संकट और तनाव खड़ा हो जाता है, जो कि दुनिया में अस्थिरता का कारण बनता है। बढ़ती जनसंख्या और पानी की अधिक खपत की प्रवृत्तियों पर गहराई से नजर डालें तो तो यह पता चल सकता है कि 1900 से वैश्विक तौर पर ताजे जल की खपत छह गुना क्यों बढ़ गई है? ताजे जल की निश्चित मात्रा की बढ़ती मांग से पानी से जुड़े कई विवाद पैदा हो रहे हैं। लेकिन अधिकतर जल संबंधी समस्याएं स्थानीय हैं, वैश्विक नहीं। अपने देश में भी गर्मी के मौसम से पहले भारत के 150 प्रमुख जलाशयों में भंडारण क्षमता उनकी कुल क्षमता का केवल 38 प्रतिशत है, जो पिछले दशक की इसी अवधि के औसत से कम है। बेंगलुरू जैसे शहर पहले से ही 2600 मिलियन (दस लाख) लीटर प्रतिदिन (एमएलडी) की मांग के मुकाबले लगभग 500 एमएलडी पानी की कमी से जूझ रहे हैं। साल 1947 में जब भारत स्वतंत्र हुआ था, तो प्रति व्यक्ति 5000 क्यूबिक मीटर पानी उपलब्ध था। साल 2021 से 2031 के बीच यह 1486 से गिरकर 1367 क्यूबिक मीटर हो जाएगा। इसका अर्थ यह है कि ऐसी कम उपलब्धता के साथ हम पानी के संकट में हैं। चिंताजनक यह भी है कि जितना कम पानी उपलब्ध होगा, उतना ही वह प्रदूषित भी होता चला जाएगा। हमें 4000 अरब क्यूबिक मीटर पानी जो बारिश की कृपा से मिलता है, उसका हम मात्र 1100 क्यूबिक मीटर ही उपयोग में ला पाते हैं। अपने देश में 70 फीसदी पानी उपयोग के लिए अयोग्य पाया गया है। यही कारण है कि बोतलबंद पानी का व्यापार लगातार बढ़ता जा रहा है। ध्यान रहे, एक लीटर पानी की बोतल के पीछे तीन लीटर पानी खराब होता है और बोतलें प्लास्टिक प्रदूषण भी पैदा कर रही हैं। इस समय धरती पर पानी का संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। इसकी चपेट में भारत समेत दुनिया के कई देश हैं। भारत में ऐसे शहर हैं, जहां पानी के लिए हाहाकार मच सकता है। इन पांच शहरों में दिल्ली, राजस्थान का जयपुर, पंजाब का बठिंडा, मुंबई और चेन्नई शामिल हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जल संकट एक राष्ट्रव्यापी मुद्दा है। भारत में दुनिया की आबादी का 18 प्रतिशत है, लेकिन जल संसाधन केवल 4 फीसदी हैं। भारत का जो मुख्य जल भंडार है, वह इस वक्त पांच साल में अपने सबसे निचले स्तर पर है। नीति आयोग की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2030 तक 40 फीसदी भारतीयों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं होगा। लगभग 600 मिलियन भारतीय पहले से ही गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट में चिंताजनक भूजल उपलब्धता वाले 21 शहरों का उल्लेख किया गया है। इसमें दिल्ली, गुरुग्राम, गांधीनगर, जयपुर, चेन्नई, हैदराबाद, आगरा, इंदौर, अमृतसर, वेल्लोर, चेन्नई व लुधियाना शामिल हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली की आबादी 2.4 करोड़ है। यहां 600 मिमी प्रति मिनट वर्षा होती है, जो जरूरत से काफी कम है। दिल्ली 50 फीसदी पानी की जरूरतों के लिए हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पंजाब पर निर्भर है। अगर इन राज्यों ने इनकार कर दिया तो दिल्ली बर्बादी के कगार पर पहुंच जाएगी। इसी तरह मुंबई समुद्र के किनारे बसा है। यहां भारी मात्रा में बारिश होती है। मुंबई अच्छे जल संसाधनों से समृद्ध है, लेकिन तेजी से हो रहे शहरीकरण और जनसंख्या विस्फोट के सामने जल संसाधन प्रबंधन प्रभावी नहीं हैं। इसलिए आने वाले समय में यहां भी पानी की किल्लत हो सकती है। और तो और, भले ही पंजाब में पांच नदियां हैं, लेकिन इसकी कृषि जल खपत वॉटर रिचार्ज की तुलना में बहुत अधिक है। नीति आयोग की रिपोर्ट में पंजाब के कई शहरों पर जल संकट का खतरा बताया गया है।

दृष्टि कोण

# हरित क्रांति में हिंसा की फसलें, भारी सामाजिक-आर्थिक विषमता थी प्रमुख वजह

**भारत** में किसानों का विरोध प्रदर्शन एक आम घटना-सी बन गया है। ये विरोध प्रदर्शन हिंसा की छिटपुट घटनाओं से चिह्नित हैं। हरित क्रांति में पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की, पर इसकी कथित सफलता के पीछे छिपी वास्तविक कहानी भयावह है। सुप्रतिष्ठित पर्यावरण कार्यकर्ता और विद्वान डॉ वंदना शिवा ने अपनी बहुचर्चित पुस्तक द वायलेंस ऑफ द ग्रीन रेवोल्यूशन (हरित क्रांति की हिंसा) में हरित क्रांति से उत्पन्न व्यापक पर्यावरणीय और सामाजिक परिवर्तनों के बीच की जटिलताओं को खोजा है। उन्होंने हरित क्रांति पद्धति में छिपी बहुआयामी हिंसा की पड़ताल अनेक घटनाओं का उदाहरण देते हुए की है। इस पुस्तक में उन्होंने पारिस्थितिक सिद्धांतों से जोड़ कर वर्तमान और भविष्य में हरित क्रांति से उबलते एक-एक पहलू की भविष्यवाणी कर दी थी। हरित क्रांति का प्रादुर्भाव 20वीं शताब्दी के मध्य महत्वाकांक्षी कृषि परिवर्तनों के साथ हुआ था। इसका उद्देश्य उच्च उपज वाली फसल किस्मों और कृषि रसायनों को अपनाकर कृषि उत्पादन को बढ़ाना और वैश्विक भूख को कम करना था, परंतु इसके परिणाम सकारात्मक नहीं थे। उस समय भविष्य में इसके क्या-क्या सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय और पारिस्थितिक परिणाम होंगे, इसका आकलन नहीं किया गया। हमने अपनी भौगोलिक सीमाओं में जन्मे तथा सदियों से पीढ़ियों को पोषित करते आए बीजों को तिलांजलि दे दी और अंधाधुंध पानी एवं अनेक जहरीले रसायनों के बल पर अधिक उत्पादन देने वाले बीजों को अपनाते चले गए। गहन रासायनिक कृषि पद्धतियों से उत्पन्न पारिस्थितिक विघटन, जिसमें मिट्टी का कटाव, भूजल की कमी और पर्यावरण जैसे मुद्दे शामिल हैं, ने पंजाब के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और पारिस्थितिक ताने-बाने को गहराई से प्रभावित किया। बड़े कृषि व्यवसायों में धन और शक्ति का संकेंद्रण, छोटे किसानों का बड़े स्तर पर विस्थापन और ग्रामीण ऋणग्रस्तता में वृद्धि आदि हरित क्रांति के विनाशकारी प्रभाव हैं। गहन कृषि क्रियाओं को निर्बाध चलाना पंजाब के बड़े किसानों की क्षमता से बाहर हो गया, तो उन्हें देश के अन्य राज्यों से बड़े पैमाने पर मजदूरों को बुलाना पड़ा। बिहार, मध्य प्रदेश और पूर्वी उत्तर प्रदेश से अधिकांश मजदूर जाकर पंजाब के खेतों में काम करने लगे। उनमें से कई कृषि मजदूर और उनके परिवारों ने पंजाब में ही बसना शुरू कर दिया, जिससे पंजाब की सामाजिक-संस्कृति संरचना पर भी प्रभाव पड़ने लगा। हरित क्रांति के साथ जो 'नया' पंजाब (बड़े किसानों और मजदूरों के साथ) बनता गया, उसमें भारी सामाजिक-आर्थिक विषमता थी। जब समाज में सामाजिक-आर्थिक असमानताएं एक सीमा से अधिक बढ़ जाती हैं, तब हिंसा भी सिर उठाने लगती है। बीती सदी के 1980 के दशक में पंजाब में जिस हिंसा ने उग्र रूप ले लिया था, उसके कल्ले हरित क्रांति से ही फूटे थे। इसका सबसे अधिक कहर पंजाब के किसानों और कृषि मजदूरों पर ही टूटा था। बेशक हरित क्रांति ने खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता पैदा की और देश को खाद्य-निर्यातक राष्ट्र की श्रेणी में ला खड़ा किया। लेकिन इस प्रणाली से जुड़े पर्यावरणीय, पारिस्थितिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक प्रदूषण की अनदेखी नहीं की जा सकती। भूजल की अत्यधिक कमी, मिट्टी पर रेगिस्तानीकरण का साया, जैव विविधता का अकूत ह्रास और सामुदायिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव हरित क्रांति के ऐसे दुष्परिणाम हैं, जिनकी काली छाया भविष्य पर मंडराती रहेगी। वायुमंडल में कुल उत्सर्जित ग्रीनहाउस गैसों का लगभग एक-तिहाई हिस्सा केवल कृषि क्षेत्र की देन है, और वह भी हरित क्रांति वाली कृषि की। इस तरह कृषि ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन को बढ़ाने वाला मानवीय कार्यकलाप है। इस खेती को संभालने और परिवार की आजीविका के लिए उससे उत्पादन लेते रहने के लिए सभी आदानों (बीज, रासायनिक उर्वरक, रोगनाशक, कीटनाशक, और खरपतवार नाशक रसायन, ट्रैक्टर, कंबाइन, हार्वेस्टर और अन्य उपकरणों, आदि) के लिए बाजार पर बढ़ती निर्भरता ने किसानों को ऐसे चक्रव्यूह में फंसा दिया है, जिससे अनेक किसान आत्महत्या करके ही बाहर निकल पाते हैं। मानव समाज को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने वाली हिंसा के और भी अनेक आयाम हैं।

कुछ अलग

# सरकार ही जज, अदालत

**बीते** दिनों केंद्रीय सूचना-प्रसारण मंत्रालय ने कुछ संदिग्ध और सवालिया न्यूज वेब पोर्टल, निजी न्यूज चैनलों पर पाबंदी लगाई थी। आरोप पुराने ही थे कि वे 'फेक न्यूज', 'भ्रामक सामग्री' और 'झूठी खबरें' परोस रहे थे। सरकार इसे 'आपराधिक कृत्य' मानती है। बीते एक अंतराल से ऐसी पाबंदियां ही चस्पा नहीं की गईं, बल्कि कुछ पत्रकारों, संपादकों, प्रकाशकों को भी, कड़ी कानूनी धाराओं में, जेल भी भेजा गया है। बहरहाल वे मामले अदालतों के विचाराधीन हैं। बेशक फेक न्यूज लंबे समय से एक गंभीर समस्या बनी हुई है। ऐसी खबरों या सूचनाओं से हिंसा भडक़ी है, दंगे हुए हैं, देश के खिलाफ युद्ध सरीखे अभियान तक छेड़े गए हैं। फर्जी खबरें चुनावों को भी एक निश्चित सीमा तक प्रभावित करती रही हैं। काली भेड़ें तो हर समाज और व्यवस्था में होती हैं, लेकिन उनकी आड़ में पत्रकारिता और खासकर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने की कोशिशें नहीं होनी चाहिए। दरअसल फेक न्यूज, भ्रामक खबरों, झूठी सूचनाओं के संदर्भ में भारत सरकार ही जज, ज्यूरी और कार्यान्वित करने वाली ईकाई की भूमिका निभाना चाहती है। गौरतलब है कि अप्रैल, 2023 में सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय ने 2021 आईटी नियमों में कुछ संशोधनों को अधिसूचित किया था, ताकि एक 'फैक्ट चेकिंग यूनिट' बनाई जा सके। वह यूनिट ऑनलाइन सामग्री, खबरों, अन्य सूचनाओं को प्रभावी रूप से सेंसर कर सके। यदि केंद्र सरकार की किसी नीति, काम, फैसले को 'फर्जी' या 'भ्रामक' करार दिया गया हो, तो उस पर कार्रवाई की जा सके। जब ऐसी अधिसूचना जारी की गई थी, तब केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा था कि यदि लोगों के दिमाग में कोई संदेह होगा या मन में कोई शंका होगी कि सरकार के आधार पर शक्तियों का दुरुपयोग किया गया है, तो उसे जरूर संबोधित किया जाएगा। इसी सप्ताह केंद्र सरकार ने 'फैक्ट चेकिंग यूनिट' को, 'प्रेस सूचना ब्यूरो' के तहत एक वैधानिक संस्था के तौर पर अधिसूचित किया है। प्रेस सूचना ब्यूरो सरकारी विज्ञप्ति या कैबिनेट की कोई सूचना मीडिया तक पहुंचाने वाली संस्था है। हालांकि संशोधित नियमों की संवैधानिकता को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी गई है, फिर भी यह वैधानिक व्यवस्था करने से स्पष्ट है कि केंद्रीय मंत्री का आश्वासन बेमानी है। अदालत ने सरकारी प्रयास पर रोक लगा दी है, लेकिन बुनियादी समस्या यथावत है कि सूचना-प्रसारण मंत्रालय के पीआईबी के तहत एक संस्था को सेंसरशिप की ताकत दी गई है। दरअसल सरकार ही संविधान, जज, अदालत, फैसले को लागू करने वाली ईकाई और मौलिक अधिकारों की पैरोकार, सब कुछ बन जाना चाहती है। सरकार ही प्रत्येक स्थिति की व्याख्या करेगी कि क्या सही है, सच है और क्या फर्जी है? फर्जी, भ्रामक, झूठी खबर या सूचना क्या है, उन्हें लेकर नियमों में बिल्कुल भी स्पष्टता नहीं है। वे परिभाषित भी नहीं हैं। अखबार में तो संपादक ही अपने विवेक से खबरें तय करता है, लेकिन ऑनलाइन की दुनिया अभी निरंकुश है। वहां अधिकतर नौसीखिए, गैर-पेशेवर लोग ही सक्रिय हैं। कई अनुभवी पत्रकार सेवानिवृत्ति के बाद अपने चैनल चला रहे हैं। वहां सरकार वैचारिकता की आड़ में पत्रकारों को दबोचती रही है, लिहाजा पीआईबी में नई व्यवस्था को लेकर 'एडीटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया' ने भी असंतोष और नाराजगी जताई है। इनमें अधिकतर पत्रकार ऐसे हैं, जिन्हें पीआईबी ने दशकों तक मान्यता दिए रखी। यह मान्यता कई संदर्भों में आज भी बरकरार है। बहरहाल एक बार किसी खबर को भ्रामक या फर्जी घोषित कर दिया गया, तो सोशल मीडिया, मीडिया प्लेटफॉर्म और इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनियों को भी उसे अपने मंच से हटाना पड़ेगा।

देश दुनीया से

# इस्लामी पड़ोसियों से परेशान पाकिस्तान, अचानक मित्र बन गए शत्रु

भारत की सीमा पर दोनों ओर से हमले होते रहे हैं, जिससे दोनों तरफ के कशमीरियों और उनकी संपत्ति को भारी नुकसान हो रहा था। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि पिछले कुछ वर्षों से दोनों देशों ने नियंत्रण रेखा पर युद्धविराम लागू करने का निर्णय लिया। युद्धविराम संधि के कारण कई वर्षों से माहौल शांतिपूर्ण है। पाकिस्तान तब हैरान रह गया, जब कुछ हफ्ते पहले ईरान ने बलूचिस्तान के अंदरूनी इलाकों पर बमबारी की। जिन इलाकों पर बमबारी की गई, वे शहरों एवं कस्बों से बहुत दूर रेतीले रेगिस्तान और पहाड़ों में स्थित थे। ईरान ने कहा कि यह हमला पाकिस्तान के खिलाफ नहीं, बल्कि कुछ ईरान-विरोधी गुटों के खिलाफ था, जो पाकिस्तान से ईरान के खिलाफ आतंकवादी हमले करते थे। अगले ही दिन, पाकिस्तानी वायु सेना ने पाकिस्तान-ईरान सीमा पर हमला किया, जिसमें कई लोग हताहत हुए।

**लोक ज्ञान** कहता है कि कोई भी देश अपने पड़ोसियों को नहीं चुन सकता, उसे अपने पड़ोसियों के साथ सह-अस्तित्व में रहना होता है। वर्ष 2023 में पाकिस्तान के कुछ पड़ोसी, जो दशकों से मित्र थे, अचानक शत्रु बन गए, जबकि जिसे उसने हमेशा अपना दुश्मन माना, वह अच्छा मित्र बन सकता है। पाकिस्तान चार देशों से घिरा है, जिनमें से दो-ईरान और अफगानिस्तान इस्लामी मुल्क हैं। बाकी दो देश हैं-उसका सबसे करीबी सहयोगी चीन और उसके पूर्व में भारत, जिसके साथ नियंत्रण रेखा पर लगातार झड़पें होती रहती हैं। भारत की सीमा पर दोनों ओर से हमले होते रहे हैं, जिससे दोनों तरफ के कश्मीरियों और उनकी संपत्ति को भारी नुकसान हो रहा था। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि पिछले कुछ वर्षों से दोनों देशों ने नियंत्रण रेखा पर युद्धविराम लागू करने का निर्णय लिया। युद्धविराम संधि के कारण कई वर्षों से माहौल शांतिपूर्ण है। पाकिस्तान तब हैरान रह गया, जब कुछ हफ्ते पहले ईरान ने बलूचिस्तान के अंदरूनी इलाकों पर बमबारी की। जिन इलाकों पर बमबारी की गई, वे शहरों एवं कस्बों से बहुत दूर रेतीले रेगिस्तान और पहाड़ों में स्थित थे। ईरान ने कहा कि यह हमला पाकिस्तान के खिलाफ नहीं, बल्कि कुछ ईरान-विरोधी गुटों के खिलाफ था, जो पाकिस्तान से ईरान के खिलाफ आतंकवादी हमले करते थे। अगले ही दिन, पाकिस्तानी वायु सेना ने पाकिस्तान-ईरान सीमा पर हमला किया, जिसमें कई लोग हताहत हुए। पाकिस्तान ने कहा कि उसने ईरान के अंदर उन आतंकवादी शिविरों पर हमला किया, जिनका इस्तेमाल ये आतंकवादी पाकिस्तान के खिलाफ हमले करने के लिए करते थे। वैसे इस वाकये से हैरान ईरान ने अपनी ही सरकार के भीतर कुछ मजबूत तत्वों को दोषी ठहराया, जिन्होंने ईरान की घरेलू समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए इस अवसर का उपयोग करने की कोशिश की थी। पाकिस्तान को ईरान की प्रतिक्रिया से यह स्पष्ट हो गया कि वह सीमा के दोनों ओर पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों को सुधारना चाहता है और स्थिति नियंत्रण में प्रतीत होती है। जैसा कि एक विश्लेषक ने कहा, यह न केवल दोनों पड़ोसियों के लिए अच्छा है, बल्कि इस क्षेत्र के लिए भी अच्छा है। स्थिति को और अधिक बिगड़ने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, क्योंकि इसका प्रभाव पाकिस्तान की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के लिए विनाशकारी होगा। उसके बाद अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान का विवाद बढ़ गया, क्योंकि पाकिस्तान के उत्तरी इलाके वजीरिस्तान में तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने आतंकवादी हमला किया, जिसमें सेना के दो अधिकारी मारे गए और कई घायल हो गए। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने धमकी देते हुए कहा कि पाकिस्तान पर हुए इस हमले को गंभीरता से लिया जाएगा और पाकिस्तान इसका जवाब देगा। अगली सुबह पाकिस्तानी वायु सेना के बमवर्षकों ने अफगानिस्तान के भीतर हमला किया और टीटीपी के कुछ शिविरों को नष्ट कर दिया। हालांकि फिलहाल वहां शांति और सन्नाटा है। जब तालिबान ने काबुल पर कब्जा किया था, तो पाकिस्तान ने अंतरिम सरकार का स्वागत किया था। उसे उम्मीद थी कि एक बार नई सरकार काम करने लगेगी और कानून-व्यवस्था में थोड़ा सुधार होगा, तो वह यह सुनिश्चित करेगा कि टीटीपी अफगानिस्तान से पाकिस्तान की धरती पर आतंकी हमले न करे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पाकिस्तान ने यह संदेश देने के लिए हर कूटनीतिक उपायों का इस्तेमाल किया। कई उच्च स्तरीय सैन्य और असैन्य प्रतिनिधिमंडल काबुल गए। उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया था कि पाकिस्तान को किन बातों पर आपत्ति है और वह अफगानिस्तान की जमीन से आतंकवादी हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगा। पर अफगानिस्तान ने इन चेतावनियों को नजरंदाज कर दिया है। अंततः पाकिस्तान ने हजारों अवैध अफगान शरणार्थियों एवं प्रवासियों को वापस भेज दिया, जिससे काबुल नाराज हो गया। फिर पाकिस्तान ने खैबर पख्तूनख्वा में लैंडीकोटल सीमा और बलूचिस्तान में चमन सीमा पर ट्रकों को गुजरने की अनुमति नहीं देते हुए व्यापार बंद कर दिया। तालिबान सरकार ने इसकी शिकायत की और आश्वासन दिया कि वह टीटीपी को नियंत्रित करेगी। फिलहाल टीटीपी के लगभग 6,000 आतंकवादी अपने परिवारों के साथ अफगानिस्तान में शरण लिए हुए हैं, जिनमें से अधिकांश को तब सैन्य अभियान चलाकर पाकिस्तान से बाहर कर दिया गया था, जब वे सख्त शरिया नियमों और पाकिस्तान के और भी इस्लामीकरण की मांग करने लगे। जैसा कि एक विश्लेषक का कहना है, 'टीटीपी वस्तुतः अपने अफगान समकक्ष अफगान तालिबान का विस्तार बन गया है।

आप का नजरीया

# क्योंकि भरोसा नहीं है

**देश-प्रदेश** की तस्वीर में हम चंद नेताओं पर अपनी तकदीर का फैसला करना चाहते हैं और यही हमारी लोकतांत्रिक आस्था के स्वरूप को निर्धारित कर रहा है। सवाल जनता के विश्वास से परे हालात पर टिके हैं, इसलिए राजनीतिक सर्कस में भी हम प्रतिभा देखने की गुस्ताखी कर बैठते हैं। जनता राष्ट्रीय स्तर से हिमाचल तक केवल चलाई जा रही है और उम्मीदों तथा संभावनाओं के प्रश्न चुनाव दर चुनाव आगे सरकाए जा रहे हैं। ऐसे में जनता या अपने मतदान के भरोसे पर देश की सुनहरी तस्वीर के प्रति आशावान है या विकल्पों की कमी उसे मजबूरीवश आगे धकेल रही है। इस बीच दिव्य हिमाचल के साप्ताहिक प्रश्न के जवाब में अगर यथार्थ को कबूल करें तो 72 प्रतिशत जनता को अब राज्य के नेताओं पर भरोसा नहीं है। हमने पूछा था कि जनता को हिमाचल के नेताओं पर कितना भरोसा है और जवाब से निकला दबाव बता रहा है कि कहीं विश्वसनीयता का अभाव दर्ज है, फिर भी 25 प्रतिशत लोगों को अपने नेताओं पर भरोसा है तो उन्हें सलाम। यह उस राज्य की जनता का मत है जो अभी तक भोले-भाले लोगों के लिए जानी जाती है। यह उस प्रदेश की गणना है जहां जनादेश के फलक पर सरकारों को हर बार बदलने की परंपरा दिखाई देती है। यहां का मतदाता बेहद जागरूक समझा जाता है, फिर भी उसके भरोसे के अनुरूप प्रतिनिधि सामने नहीं आ रहे हैं, तो कारण यहां के सरोकारों तक जाता है। हम चुनाव में कूदने वालों को अलग नजरिए से देख रहे हैं या समाज के भीतर भी भरोसे की ईजाद कम हो गई। राजनीति की सीढियां और पीढियां इसके लिए दोषी मान भी ली जाएं, मगर उस जनता का क्या करें जो पंचायत से लोकसभा तक अपने जनप्रतिनिधि से केवल यही आशा करती है कि हर मत का कुछ तो दाम, कुछ तो ईनाम मिले। मर्ज हमने खुद पैदा किया और अब खुद के चुने हुए नेताओं पर भरोसा नहीं। हम नेताओं से चुनावी जीत का हद से ज्यादा भुगतान चाहते हैं, इसलिए सरकारों के गठन में गारंटियों या रेवडियों का चलन इस कद्र सामने आ रहा है कि गारंटी अब सत्ता प्राप्ति का मोलतोल है। अगर हिमाचल का मतदान मुफ्त के तीन सौ यूनिट बिजली पर फिदा हो जाए या महिलाओं के नाम पर पंद्रह सौ रुपए प्रति माह के नाम पर सौदेबाजी कर ले, तो विश्वसनीयता के लिए आखिर कब तक नए वादे बिकते रहेंगे। जनता के अपने पैमाने हैं और जब हम देखते हैं कि हर चुनाव का दहेज चुकाते चुकाते प्रदेश अति कर्जदार हो रहा है, तो किस आधार पर कुशल नेतृत्व पर भरोसा करें। आखिर सरकारों की बनावट और सजावट में नेताओं की काबिलीयत क्यों चौराहों पर नीलाम होने लगी है। चालीस विधायकों के बलबूते कांग्रेस की सरकार विपक्षी भाजपा की संख्या से कहीं अधिक सशक्त थी, लेकिन राज्यसभा चुनाव ने कांग्रेस का कद, नेताओं की भद पिटवा दी। ऐसे में ठगा कौन गया। जनता का भरोसा या राज्यसभा का चुनाव। अगर कांग्रेस जीत भी जाती तो हिमाचल को ऐसा सांसद मिलता जिसका ताल्लुक प्रदेश से ढूंढ पाना मुश्किल हो जाता। कुछ ऐसा ही आनंद शर्मा को राज्यसभा में भेजकर हिमाचल की जनता का भरोसा टूटता रहा होगा।

# लोकसभा चुनाव : बिहार में महागठबंधन का एलान, राजद को 26 और कांग्रेस को नौ सीटें

**पटना ( हिंस )।** बिहार में महागठबंधन में सीटों का बंटवारा हो गया है। राजद सुप्रीमो लालू यादव और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बस्ती में शुक्रवार को सीटों के बंटवारे की घोषणा की। इसके मुताबिक राजद 26, कांग्रेस 09, सीपीआईएमएल 03, सीपीआई एक और सीपीआई (एम) एक सीट पर चुनाव लड़ेगी। राष्ट्रीय जनता दल के खाते में जो सीटें आई है, उनमें अररिया, बांका, बक्सर, गया, गोपालगंज, हाजीपुर, जहानाबाद, जमुई, झंझारपुर, मधेपुरा, महाराजगंज, नवादा, पाटलिपुत्र, उजियारपुर, सारण, पूर्णिया, शिवहर, सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण, सिवान, वैशाली, दरभंगा, मधुबनी, मुंगेर, वाल्मीकिनगर और औरंगाबाद लोकसभा सीट है। कांग्रेस जिन नौ सीटों पर लोकसभा का चुनाव लड़ेगी उनमें कटिहार, किशनगंज, पटना साहिब, सासाराम, भागलपुर, बेतिया, मुजफ्फरपुर, सुपौल और समस्तीपुर लोकसभा सीट हैं। सीपीआईएमएल जिन तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी उनमें काराकाट, आरा, नालंदा संसदीय सीट है

जबकि सीपीआई बेगूसराय और सीपीआई (एम) खगड़िया से चुनाव लड़ेगी। लोकसभा चुनाव को लेकर जारी डेट के हिसाब से बात करें तो पहले चरण के चुनाव में सिर्फ राजद के कैंडिडेट होंगे और इन्होंने नामांकन भी करवा लिया है। पहले चरण की सभी सीटें यानी औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई (एससी) राजद के खाते में गई हैं। दूसरे फेज में राजद के सिर्फ दो कैंडिडेट होंगे। बाकी तीन कैंडिडेट कांग्रेस के होंगे। इस चरण में किशनगंज, कटिहार और भागलपुर कांग्रेस जबकि पूर्णिया और बांका संसदीय सीट राजद के खाते में गई हैं। इसी तरह तीसरे चरण में झंझारपुर, सुपौल, अररिया और मधेपुरा लोकसभा सीट पर राजद जबकि खगड़िया सीट पर सीपीएम के कैंडिडेट मैदान में होंगे। चौथे चरण में मुंगेर, उजियारपुर और दरभंगा सीट पर राजद, समस्तीपुर (एससी) सीट पर कांग्रेस, बेगूसराय सीट पर सीपीआई के प्रत्याशी मैदान में होंगे। इसके बाद पांचवें चरण में सीतामढ़ी, मधुबनी, सारण और हाजीपुर (एससी) सीट पर राजद जबकि मुजफ्फरपुर सीट पर कांग्रेस के कैंडिडेट होंगे। छठे चरण के वाल्मीकि नगर, शिवहर, पूर्वी चंपारण, वैशाली, गोपालगंज (एससी), सीवान सीट पर राजद जबकि पश्चिम चंपारण और महाराजगंज सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार मैदान में होंगे। सातवें और अंतिम चरण में नालंदा, आरा और काराकट सीट पर सीपीआई माले, पटना साहिब और सासाराम (एससी) सीट पर कांग्रेस, पाटलिपुत्र, बक्सर और जहानाबाद सीट पर राजद के कैंडिडेट मैदान में होंगे।

# लोकसभा चुनाव से पहले बिहार संग मोदी वीडियो गाना हुआ लांच

**अररिया ( हिंस )।** आगामी लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा ने अपने 10 सालों के कामकाज को लेकर मोदी संग बिहार थीम सांग जारी किया है। यह थीम गाने को बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने लगभग तीन मिनट का वीडियो सांग लांच किया है। इस मौके पर अररिया के आश्रम रोड स्थित जिला भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा, भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह एवं प्रदेश से आये जिला मीडिया प्रभारी धीरज झा ने पार्टी के कार्यकर्ता एवं जिला पदाधिकारियों के साथ वीडियो सांग मोदी संग बिहार को लांच किया। वीडियो सांग लांच के दौरान जिला भाजपा कार्यालय पर मौजूद प्रदीप कुमार सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने बीते 10 वर्षों में सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास नारे के साथ जनहित में जो काम किया है उसे इस वीडियो गाने के माध्यम से दिखाया गया है। घूम-घूम कर यह वीडियो गाने के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में हुआ विकास और हर क्षेत्र में हुआ काम को लोगों को दिखाया जाएगा। बिहार संग मोदी है तो मोदी संग पुरा बिहार है। यह गाना ही नही बल्कि अररिया और संपूर्ण बिहार के लोगों की जनभावना है। प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि पुरा बिहार 40 में 40 सीट और पुरे देश अबकी बार एनडीए 400 से अधिक सीट लाकर नरेंद्र मोदी को पुन: तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया जायेगा।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की राजस्थान दिवस पर शुभकामनाएं

**जयपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान दिवस (30 मार्च) पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शर्मा ने कहा कि राजस्थान के पर्यटन, लोक कला, संस्कृति एवं समृद्ध विरासत की विश्वभर में पहचान है। प्रदेश के गौरवशाली इतिहास में शौर्य और वीरता की गाथाएं रची-बसी हैं। यहां की माटी के कण-कण में देशभक्ति और स्वाभिमान समाहित है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों का आह्वान किया है कि वे आपसी सद्भाव व भाईचारे को मजबूत बनाने के साथ ही प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत एवं समृद्ध परम्पराओं को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लें।

# ग्यारह दिनों तक झांसी जिला कारागार में भी रहा था माफिया मुख्तार

**झांसी ( हिंस )।** कुख्यात अपराधी माफिया मुख्तार अंसारी का बीती रात हृदयाघात के चलते निधन हो गया है। आधिकारिक सूचना के मुताबिक बांदा जेल में दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हुई। मुख्तार अंसारी का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। पिछले 18 साल से वह लगातार जेल में बंद था। इस दौरान मुख्तार अंसारी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग कारागार में बंद रहा। पंजाब की जेल में भी उसका लंबा समय बीता। झांसी भी उससे अछूता नहीं रहा। 18 साल तक जेल में बंद रहने के दौरान मुख्तार अंसारी का 11 दिनों का छोटा सा समय झांसी के जिला कारागार में भी निकला है। झांसी जिला कारागार के आंकड़ों के अनुसार साल 2007 में 29 अप्रैल से लेकर 9 मई तक मुख्तार अंसारी बंद रहा था। कुल 11 दिन का समय मुख्तार अंसारी ने यहां बिताया था। इन 11 दिनों में वह पूरी तरह एकांत में रहा था। जेल रिकॉर्ड में मुख्तार अंसारी का नाम दर्ज है। झांसी जिला जेल से मुख्तार अंसारी को गाजीपुर के कोर्ट में पेशी के लिए ले जाया गया था। इसके बाद वह लौट कर झांसी नहीं आया। इनका है कहना झांसी जिला जेल के अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि मुख्तार अंसारी 29 अप्रैल 2007 से लेकर 9 मई 2007 तक झांसी जेल में बंद रहा था। यहां से उसे गाजीपुर ले जाया गया था।

# सपा, बसपा और कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल

**लखनऊ ( हिंस )।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्य मुख्यालय पर सपा, बसपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में सपा महिला सभा की पांच बार प्रदेश अध्यक्ष रहीं गीता सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमलपाल कौर (लखीमपुर), पंजाबी अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष हरपाल सिंह जग्गी (लखीमपुर), पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुनीतपाल मोंटी अहलूवालिया (लखीमपुर) व सपा के पूर्व प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ हरपाल सिंह राना (लखीमपुर) शामिल रहे। इसके अलावा समाजसेवी राजिंदर सिंह नीटा (कानपुर), जिला पंचायत

सदस्य पूजा सिंह (फतेहपुर), कांग्रेस के प्रदेश सचिव व डुमरियागंज विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी सच्चिदानंद पांडेय (सिद्धार्थनगर), सपा प्रवक्ता जेबा याशमीन (लखनऊ), वरिष्ठ सर्जन डॉ. कौशल वर्मा (लखीमपुर), पूर्व चेयरमेन कल्पना बाजपेयी (लखीमपुर) ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा परिवार में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत है। उन्होंने कहा कि लोकसभा का चुनाव घोषित हो चुका है और हमें जुटकर पिछले चुनाव की अपेक्षा प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में 400 सीटें जीतने का लक्ष्य भाजपा व सहयोगी दलों के लिए लिया है। इस संकल्प की पूर्ति तभी हो सकेगी जब प्रदेश की सभी 80 सीटें भाजपा की झोली में आएं। आप सभी को अपने क्षेत्रों में भाजपा को मजबूत करने के लिए जुट जाना है और प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा की बड़ी विजय में सहभागी बनना है। पाठक ने कहा कि पूरे देश में जनता का गठबंधन मोदी और भाजपा के साथ हो चुका है। केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी और मोदी के नेतृत्व में राजग गठबंधन को 400 से अधिक सीटें मिलेगी।

# अविश्वास प्रस्ताव गिरा, चैनपुर प्रमुख गायत्री देवी की कुर्सी बरकरार

**पलामू ( हिंस )।** चैनपुर प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव गिर गया है। इसके साथ ही प्रमुख की कुर्सी बरकरार रह गई है। प्रखंड के 19 पंचायत समिति सदस्यों ने प्रमुख को पद से हटाने के लिए 14 मार्च गुरुवार को अविश्वास प्रस्ताव लाया था। विश्वासमत को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी द्वारा शुक्रवार को 11 बजे वोटिंग-मतदान का समय निर्धारित दिया गया था, लेकिन प्रखंड कार्यालय के सभागार में एक भी पंचायत समिति सदस्य उपस्थित नहीं हुए। ऐसे में अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी ने अविश्वास प्रस्ताव को खारिज कर दिया। एसडीओ ने कहा कि पूर्व प्रमुख ही वर्तमान प्रमुख गायत्री देवी रह गई हैं। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय से अधिक पांच मिनट का समय पंचायत समितियों को उपस्थिति दर्ज करने के लिए दिया गया था, लेकिन समय पर किसी पंसस ने अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई जिसके कारण अविश्वास प्रस्ताव को खारिज किया गया।

# मुख्तार की मौत को अखिलेश ने बताया सरकारी अराजकता, स्वामी प्रसाद ने साजिश की जतायी आशंका

**लखनऊ ( हिंस )।** मुख्तार अंसारी की मौत को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकारी अराजकता करार दिया है और इसे यूपी में कानून व्यवस्था का शून्य काल बताया है। इसके साथ ही उन्होंने लिखा है कि इसकी न्यायिक जांच होनी चाहिए। वहीं स्वामी प्रसाद मौर्या ने एक्स पर लिखा कि स्वाभाविक हत्या नहीं, यह साजिश प्रतीत होता है। अखिलेश यादव ने अपने *एक्स* पर लिखा कि हर हाल में और हर स्थान पर किसी के जीवन की रक्षा करना सरकार का सबसे पहला दायित्व और कर्तव्य होता है। सरकारों पर निम्नलिखित हालातों में से किसी भी हालात में, किसी बंधक या कैदी की मृत्यु होना, न्यायिक प्रक्रिया से लोगों का विश्वास उठा देगा। उन्होंने आगे लिखा कि थाने में बंद रहने के दौरान-जेल के अंदर आपसी झगड़े में जेल के अंदर बीमार होने पर-न्यायालय ले जाते समय-अस्पताल ले जाते समय-अस्पताल में इलाज के दौरान-झूठी मुठभेड़ दिखाकर-झूठी आत्महत्या दिखाकर-किसी दुर्घटना में हताहत दिखाकर ऐसे सभी संदिग्ध मामलों में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में जांच होनी चाहिए। सरकार न्यायिक प्रक्रिया को दरकिनार कर जिस तरह दूसरे रास्ते अपनाती है वह पूरी तरह गैर कानूनी है। जो हुकूमत जिंदगी की हिफाजत न कर पाए उसे सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं। उप्र *सरकारी अराजकता* के सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। ये यूपी में कानून-व्यवस्था का शून्यकाल है। वहीं स्वामी प्रसाद मौर्य ने लिखा कि स्वामी यह स्वाभाविक मौत नहीं हत्या की साजिश प्रतीत होती है, पहले डाक्टरों के पैनल ने अस्पताल से डिस्चार्ज किया और कुछ घंटो बाद ही उनकी मौत, पारिवारिजनों द्वारा लगाए गए हत्या की साजिश की पुष्टि करती है। अत: पूरे घटना क्रम की जांच मा. उच्च न्यायालय की देखरेख में होना चाहिए यहाँ तक कि पोस्टमार्टम भी मा. उच्च न्यायालय के किसी जज के अभिरक्षण में ही किया जाना चाहिए, जिससे कि न्याय का गला घोटने वालों का चेहरा बेनकाब हो सके तथा थानो, जेलों, पुलिस अभिरक्षण में साजिशन किए जा रहे इस प्रकार के हत्याओं के फैशन पर विराम लग सके।

# आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अबतक 25 गिरफ्तार

**रांची ( हिंस )।** रांची पुलिस ने चुनाव आयोग की ओर से आदर्श आचार संहिता लागू करने के बाद से अबतक अवैध रुप से शराब के निर्माण और व्यापार एवं अवैध कार्यों में संलिप्त 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को बताया कि लोकसभा चुनाव के स्वतंत्र निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित कराने के लिए अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब निर्माण, भंडारण, व्यापार और तस्करी के खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से सघन अभियान चलाया जा रहा है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अबतक विभिन्न थाना, ओपी क्षेत्रों में कई एकड क्षेत्रफल में लगे अफीम की खेती को नष्ट करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है। अवैध देशी शराब के निर्माण, भंडारण और व्यापार के रोकथाम की दिशा में शराब की भट्टियों एवं जावा महुआ को नष्ट किया गया है। साथ ही शराब जब्त कर विधि-सम्मत कार्रवाई की गई है। अबतक की गई कार्रवाई में जिला पुलिस को कई सफलता मिली है।

# अखिलेश यादव या तो मुझे टिकट देते नहीं और जब दिया था तो लेते नहीं : डॉ. एसटी हसन

**मुरादाबाद ( हिंस )।** अखिलेश यादव या तो मुझे टिकट देते नहीं और जब टिकट दे दिया था तो वापस लेते नहीं। इसमें मेरी बेइज्जती हुई है। मेरे लिए पार्टी बड़ी है, मेरी पार्टी से कोई नाराजगी नहीं है, यदि पार्टी को नुकसान होगा तो मेरी नाराजगी है। यह बातें समाजवादी पार्टी के संसदीय दल के नेता व मुरादाबाद लोकसभा सीट से सपा के सिंबल पर नामांकन कराने वाले डॉ. एसटी हसन ने सपा से टिकट कटने के बाद मीडिया से बात करते हुए कही। मुरादाबाद लोकसभा से समाजवादी पार्टी के सिंबल पर मौजूदा सांसद व सपा संसदीय दल के नेता डॉ. एसटी हसन ने मंगलवार को नामांकन कराया था। वहीं बुधवार को बिजनौर की पूर्व विधायक रुचि वीरा ने सपा के सिंबल से मुरादाबाद लोकसभा से नामांकन कराया। इसके

बाद मुरादाबाद लोकसभा से रुचि वीरा को समाजवादी पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया गया। गुरुवार को डॉ. एसटी हसन ने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने मुझे टिकट देकर नामांकन कराने के लिए कहा था और मुझे यहां के लिए अधिकृत किया था। मैंने उनके आदेशानुसार अपना नामांकन कर लिया था लेकिन किसी दबाव में आकर अखिलेश यादव ने मेरा टिकट कैंसिल कर दिया और रुचि वीरा को अधिकृत कर दिया। सपा सांसद ने कहा कि अखिलेश यादव के संस्कार पूरी दुनिया के लोग जानते हैं। उनका बचपन जिन लोगों की गोद में बीता, जिनकी गोद में खेलकर वह बड़े हुए उनका सम्मान कभी भी करना नहीं छोड़ते हैं चाहे भले ही नुकसान हो जाए। सपा सांसद एसटी हसन ने कहा कि आजम खान साहब ने मुझे वर्ष 2019 में टिकट दिलाया था मैं उनका एहसानमंद हूं और अब उन्होंने ही मेरा टिकट कटवा दिया हिसाब बराबर हो गया। अखिलेश यादव ने 2 दिन पहले मुझसे कहा था आप चुनाव लड़ेंगे, उन्होंने उसके एफर्ट्स भी करें। जो एफर्ट्स करे थे वह मुझे समय से नहीं मिले जब मिले तो 3 बजकर 2 मिनट हो चुके थे। बाहरी नेताओं ने एक लखनऊ से आए नेता को हाईजैक कर लिया और टाइम निकलवा दिया। डॉ. एसटी हसन ने कहा कि बीते 10 वर्षों में देश का जो माहौल है और यहां के लोग जो परेशानियां झेल रहे हैं उसके जवाब में वह इंडिया गठबंधन को वोट देंगे। किसी प्रत्याशी को वोट नहीं देंगे मैं सपा का कार्यकर्ता हूं। अखिलेश यादव मेरे नेता हैं जो आदेश देंगे उसका अवश्य पालन होगा शिवाय मुरादाबाद में प्रचार करने के। मैं मुरादाबाद में सपा प्रत्याशी के लिए प्रचार नहीं कर पाऊंगा इसका कारण है जिन लोगों ने मेरे लिए रोजे माने, कुरान खान की, मंदिरों में प्रार्थनाएं की अगर मैं उनका (रुचि वीरा) प्रचार करूंगा तो वह लोग टूट जाएंगे।

# राजस्थान में अगले दो दिन पश्चिमी विक्षोभ के असर से आंधी-बारिश का अलर्ट

**जयपुर ( हिंस )।** पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से पहले राजस्थान के मौसम में बदलाव आ गया है। सुबह प्रदेश के कई जिलों में आंशिक बादल छाए और नम हवाएं चली। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार चौबीस घंटे में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके असर से दो दिन के दौरान जोधपुर, बीकानेर, जयपुर, कोटा, भरतपुर, संभाग के कुछ भागों में हल्की बारिश संग मेघगर्जना के आसार है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि उत्तर-पश्चिमी और पूर्वी राजस्थान में दो दिन आंधी-बारिश के साथ बिजली चमक सकती है। इस सिस्टम का असर बीकानेर, जोधपुर, जयपुर और भरतपुर संभाग के जिलों में रहेगा। इसके प्रभाव से अलवर, बारां, भरतपुर, धौलपुर, झालावाड़, झुंझुनूं, सीकर, कोटा, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जोधपुर, नागौर और श्रीगंगानगर में तेज हवा चल सकती है। बारिश के साथ ही ओले भी गिरने की आशंका है। आने वाले 24 घंटो में अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री गिरावट होने और आगामी दो-तीन दिनों में अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने की संभावना है। इस सिस्टम का सबसे ज्यादा असर 30 मार्च को रहेगा।

# रामबन जिले में कार खाई में गिरने से 10 लोगों की मौत पर उपराज्यपाल ने जताया शोक

**जम्मू ( हिंस )।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रामबन जिले में एक कार के खाई में गिरने से 10 लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। अधिकारियों ने कहा कि रामबन में शुक्रवार तड़के एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग से फिसलकर खाई में गिर गया, जिससे दस लोगों की मौत हो गई। वाहन शेवरले टवेरा श्रीनगर से जम्मू की ओर जा रहा था। उपराज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा कि आज रामबन में हुई दुर्भाग्यपूर्ण सड़क दुर्घटना के बारे में जानकर मुझे गहरा सदमा लगा है, जिसमें बहुमूल्य जिंदगियां चली गईं।

# बिहार के पूर्वी चंपारण में पत्नी और तीन बेटियों की हत्या कर पति फरार

**पूर्वी चंपारण ( हिंस )।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के पहाड़पुर थाना क्षेत्र के बाबरिया गांव में गुरुवार देररात पति ने पत्नी और तीन बेटियों की गला काटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपित पति इद्दु मियां फरार हो गया। सुबह पड़ोसियों से वारदात की सूचना मिलने पर अरेराज डीएसपी रंजन कुमार दल-बल के साथ पहुंचे। पुलिस हत्याकांड की जांच कर रही है। स्थानीय लोगो ने बताया कि पति का किसी बात को लेकर पत्नी से झगड़ा हुआ था। इससे आगबबूला इद्दु ने सो रही पत्नी आफरीन खातून, पुत्री अबरुन खातून, शबरुन खातून व सहजादी खातून का धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या दी। बच्चियों की उम्र 10 से 15 साल के बीच बताई जा रही है।

# पंजाब के अमरूद बाग घोटाला में ईडी ने जब्त की करोड़ों की संपत्ति व नगदी

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंजाब में अमरूद बाग घोटाला मामले में शुक्रवार को सर्च ऑपरेशन चलाकर करोड़ों रुपए की चल-अचल संपत्ति बरामद की है। पिछले दो दिनों से राज्य में विभिन्न स्थानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। जमीन अधिग्रहण से पहले यहां कुछ लोगों ने अमरूदों के पौधे लगा दिए थे, लेकिन गमाडा के अधिकारियों के साथ मिलकर इनकी उम्र 4 से 5 साल दिखाई गई। इस कारण इनका मुआवजा काफी ज्यादा बना। इस तरह से कई लोगों ने मिलकर गलत तरीके से मुआवजा लिया। विजिलेंस ने इसमें कई आरोपियों को गिरफ्तार भी किया था, लेकिन अदालत ने मुआवजा राशि वापस जमा करवाकर उन्हें जमानत दे दी। ईडी ने बुधवार को पंजाब के आईएएस वरूण रूजम व पटियाला के आईएएस राजेश धीमान के घर के अलावा भूपिंदर सिंह के 26 ठिकानों पर रेड की थी। ईडी की टीमों ने फिरोजपुर, मोहाली, बठिंडा, बरनाला, पटियाला और चंडीगढ़ में छापे मारे थे। सर्च के दौरान घोटाले से जुड़े सबूतों के अलावा प्रॉपर्टी डॉक्यूमेंट, मोबाइल फोन और 3.89 करोड़ रुपए जब्त किए गए हैं। टीम को पंजाब के आबकारी आयुक्त वरुण रूजम के घर के पीछे एक पार्क में फटे हुए कुछ दस्तावेज भी मिले, जिनमें अमरूद बाग घोटाले का जिक्र है। वरुण की पत्नी पर भी आरोप लगा चुका है कि उसने करोड़ों रुपए का मुआवजा फर्जी तरीके से हासिल किया है। इसके अलावा फिरोजपुर के जिला उपायुक्त राजेश धीमान की पत्नी भी इस केस में आरोपित हैं।

# गुड फ्राइडे : चर्चों में क्रॉस को चूमकर प्रभु यीशु के बलिदान को किया गया याद

## शोक में मसीह समाज के लोगों ने चर्चों में घंटा की जगह बजाए लकड़ी के खटखटे

**कानपुर ( हिंस )।** प्रभु यीशु के बलिदान दिवस (गुड फ्राइडे) को मसीह समाज के लोगों ने शोक दिवस के रूप में मनाया। लोगों ने चर्चों में जाकर क्रॉस को चूमकर प्रभु यीशु के बलिदान दिवस को याद किया। इसके साथ ही चर्चों में घंटा की जगह लकड़ी के खटखटे बजाए गए। द गुड शेफर्ड चर्च इन इंडिया गूबा गार्डेन कल्याणपुर में शुक्रवार को मसीह समाज के लोग उपस्थित हुए और प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को याद किया। कार्यक्रम का आरंभ *ए खुदाबन्दे खुदा हाकिम* नामक गीत से किया गया। बिशप पंकज राज मलिक ने उपस्थित लोगों को बताया कि किस प्रकार समस्त मानव जाति के पापों के कारण ही प्रभु यीशु मसीह को क्रूस पर अपने प्राणों का बलिदान देना पड़ा। इसके उपरांत सात पादरियों ने क्रूस पर से प्रभु यीशु मसीह के द्वारा कही गई सात वाणियों

पर प्रकाश डाला। इस दौरान पैराडाइस एंजेल बैंड के मधुर गीत संगीत जैसे मैं आजाद हूं, तू मेरी चट्टान गीतों को सुनकर सब आत्मविभोर हो गए। इसी तरह अन्य चर्चों व गिरिजाघरों में शोक दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान अनुपमा मलिक, पादरी सत्येन्द्र श्रीवास्तव, सागर मैसी, अनुराज, अभिमन्यु, श्रेयराज, सौरभ, राज, रिक्की, अमन एल्विन, मनीष लौरेंस आदि मौजूद रहें। पादरी सत्येन्द्र ने बताया कि प्रभु यीशु की सात वाणियां इस प्रकार हैं। हे पिता इन्हें क्षमा कर क्योंकि ये नहीं जानते कि क्या कर रहे हैं। तू आज ही मेरे साथ स्वर्गलोक में होगा। हे नारी देख यह तेरा पुत्र है। एलीएली लमा शबक्तनी है, हे मेरे परमेश्वर, हे मेरे परमेश्वर तूने मुझे क्यों छोड़ दिया। मैं प्यासा हूं। पूरा हुआ और हे पिता मैं अपनी आत्मा तेरे हाथों में सौंपता हूं। गुड फ्राइडे का दिन ईसाई धर्म के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन को शोक दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। ईसाई धर्म से जुड़ी मान्यताओं के मुताबिक आज ही के दिन प्रभु यीशु को सूली पर लटकाया गया था, इसलिए इसे ब्लैक फ्राइडे भी कहा जाता है। हालांकि मौत के दो दिन बाद यानी रविवार को प्रभु यीशू फिर से जीवित हो गए थे, जिसे ईस्टर के रूप में मनाया जाता है। गुड फ्राइडे के दिन प्रभु यीशु के बलिदान को याद कर शोक जताते हैं। इसके अलावा इस दिन चर्च में विशेष प्रार्थना भी की जाती है और लोग प्रभु से अपने गुनाहों की क्षमा मांगते हैं।

# आयकर विभाग से कांग्रेस को फिर झटका, 1700 करोड़ रुपये का डिमांड नोटिस किया जारी

**नई दिल्ली ।**
आयकर विभाग ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 1700 करोड़ रुपये का डिमांड नोटिस जारी किया है। सूत्रों के अनुसार ताजा डिमांड नोटिस आकलन वर्ष 2017-18 से 2020-21 के लिए जारी किया गया है और इसमें जुर्माना और ब्याज शामिल है।

इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने कांग्रेस के खिलाफ चार साल के लिए पुनर्मूल्यांकन की कार्यवाही के आयकर विभाग के आदेश को चुनौती देने वाली कांग्रेस पार्टी की याचिका खारिज कर दी थी। हाल ही में कोर्ट ने 2014 से 2017 वर्ष बीच के करों के पुनर्मूल्यांकन के खिलाफ कांग्रेस की याचिका को खारिज कर दिया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अलग-अलग आकलन वर्षों से संबंधित चार याचिकाएं खारिज कर दीं। ये याचिकाएं मूल्यांकन वर्ष 2017-18, 2018-19, 2019-20 और 2020-21 से संबंधित थीं। इससे पहले 22 मार्च को, अदालत ने 2014-15, 2015-16 और 2016-17 के आकलन वर्षों के लिए आयकर विभाग द्वारा शुरू की गई पुनः मूल्यांकन कार्यवाही को चुनौती देने वाली कांग्रेस द्वारा दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कांग्रेस से करीब 105 करोड़ रुपये का बकाया कर वसूलने के आयकर नोटिस पर रोक लगाने से इनकार करने के आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) के फैसले को बरकरार रखा है। हालांकि, अदालत ने कांग्रेस पार्टी को अपनी शिकायतों के साथ नए सिरे से आईटीएटी में जाने की स्वतंत्रता दी है। देश की सबसे पुरानी पार्टी ने हाल ही में आयकर वसूली के खिलाफ आईटीएटी का दरवाजा खटखटाया था और उनके बैंक खातों की वसूली और फ्रीज करने की आयकर विभाग की कार्यवाही पर रोक लगाने की भी मांग की थी। कांग्रेस ने अपनी शिकायत में कहा था कि आयकर विभाग ने सुनवाई के नतीजे का इंतजार किए बिना बैंकों के पास पड़ी शेष राशि को फ्रीज कर दिया। पार्टी ने अपील की थी कि जब तक स्थगन आवेदन का निपटारा नहीं हो जाता, तब तक विभाग अपनी कार्रवाई रोक दे।

## गौतम अडाणी और मुकेश अंबानी पहली बार साथ आए: रिलायंस ने अडाणी पावर से मध्यप्रदेश पावर प्रोजेक्ट में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज ने गौतम अडाणी की अडाणी पावर से मध्यप्रदेश पावर प्रोजेक्ट में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है। इसके साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज ने प्लांट की 500 मेगावाट बिजली (इलेक्ट्रिसिटी) का खुद इस्तेमाल (कैप्टिव यूज) करने के लिए एक एग्रीमेंट साइन किया है। यह पहला मौका है जब दो कॉम्पिटिटिव बिलेनियर इंडस्ट्रियलिस्ट के बीच किसी तरह की पार्टनरशिप हुई है। दोनों कंपनियों ने अलग-अलग स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में इसके बारे में जानकारी दी है। अडाणी पावर की सब्सिडियरी कंपनी के 5 करोड़ शेयर खरीदेगी रिलायंस रिलायंस, अडाणी पावर लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी कंपनी महान एनर्जेन लिमिटेड के 10 रुपए फेस वैल्यू वाले 5 करोड़ इक्विटी शेयर खरीदेगी, जिसके लिए वह 50 करोड़ रुपए खर्च करेगी। रिलायंस भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट सेक्टर कंपनी रिलायंस भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट सेक्टर कंपनी है, जिसका मार्केट कैप 20,14,010.63 करोड़ रुपए है। 31 मार्च 2023 के अनुसार, रिलायंस का कंसोलिडेटेड रेवेन्यू 9,74,864 करोड़ रुपए है। कैश प्रॉफिट 1,25,951 करोड़ रुपए और नेट प्रॉफिट 73,670 करोड़ रुपए है। रिलायंस अभी हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन और प्रोडक्शन, पेट्रोलियम रिफाइनिंग और मार्केटिंग, पेट्रोकेमिकल्स, एडवांस मटेरियल और कंपोजिट, रिन्यूएबल एनर्जी (सोलर और हाइड्रोजन), रिटेल और डिजिटल सर्विस प्रोवाइड करने का काम करती है। भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट थर्मल पावर प्रोड्यूसर है अडाणी पावर गौतम अडाणी का अडाणी पावर भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट थर्मल पावर प्रोड्यूसर है। कंपनी ने अपनी ऑफिशियल वेबसाइट में बताया है कि हमारी बिजली उत्पादन कैपेसिटी 15,250 मेगावाट है, जिसमें गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और झारखंड में थर्मल पावर प्लांट और गुजरात में 40 मेगावाट के सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट शामिल हैं। अडाणी पावर का कहना है कि वह क्योटो प्रोटोकॉल के क्लीन डेवलपमेंट मैकेनिज्म के तहत कोल बेस्ड सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट स्थापित करने वाली दुनिया की पहली कंपनी है। एक-दूसरे के कॉम्पिटिटर हैं ये दोनों इंडस्ट्रियलिस्ट गुजरात के इन दोनों इंडस्ट्रियलिस्ट (मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी) को अक्सर मीडिया और कमेंटेटर्स एक-दूसरे का कॉम्पिटिटर बताते हैं। फोर्ब्स रियल टाइम बिलियनेयर्स लिस्ट के अनुसार, मुकेश अंबानी 9.72 लाख करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ दुनिया के 11 वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## 73 साल के बुजुर्ग को गाना गाते देख फैन हो गए थार कंपनी के मालिक



**नई दिल्ली** । थार व स्कोर्पियो बनाने वाली कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा के चेयरमैन आनंद महिंद्रा सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं। वह आए दिन कोई सीख, फनी वीडियो या अन्य कई तरह की चीजें शेयर करते रहते हैं। उन्होंने हाल ही में एक और वीडियो शेयर किया है जिसमें एक बुजुर्ग व्यक्ति को गाना गाते देखा जा सकता है। इन शख्स का नाम डॉ. सुरेश नांबियार है और वह 73 वर्ष के हैं। यह वीडियो आईसीआईसीआई बैंक के एक कार्यक्रम का है जिसका आयोजन पिछले साल किया गया था। आनंद महिंद्रा ने माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट एक्स पर यह वीडियो शेयर किया है। महिंद्रा ने डॉ. नांबियार की उनकी प्रतिभा की सराहना की, और उन्हें हमें अपने जुनून को आवाज देने की याद दिलाने के लिए धन्यवाद दिया। इस वीडियो में डॉ. नांबियार को 1986 का क्लासिक गाना जवानिया ये मस्त मस्त गाते हुए देखा जा सकता है। उनके साथ वीडियो में जाने-माने गायक शान भी दिख रहे हैं। महिंद्रा द्वारा शेयर की गई इस वीडियो पर आईसीआईसीआई बैंक ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है. डॉ. नांबियार ने आईशाइन गायन श्रेणी प्रतियोगिता जीती थी इस क्लिप को एक्स पर साझा किया गया और इसे एक्स पर 1 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। डॉ. नांबियार ने 2023 में यह वीडियो अपने यूट्यूब चैनल पर वीडियो पोस्ट किया था। उन्होंने वीडियो का शीर्षक दिया, आईसीआईसीआई आईशाइन गायन प्रतियोगिता। यूट्यूब पर उनके 2000 से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। डॉ. सुरेश नांबियार ने संयुक्त अरब अमीरात में एक चिकित्सा व्यवसायी के रूप में काम किया और वर्तमान में एक सेवानिवृत्त व्यक्ति हैं।

# नए वित्तीय वर्ष में बदल जाएंगे कई नियम जल्दी निपटा लें ये काम नहीं तो होगी परेशानी

**नई दिल्ली ।**
एक अप्रैल 2024 से नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत हो जाएगी। इसके साथ ही आपकी जेब पर असर डालने वाले कई नियम भी बदल जाएंगे। ऐसे में जरूरी है कि आप चालू वित्तीय वर्ष के बचे हुए दिनों में अपने कुछ पेंडिंग काम निपटा लें, नहीं तो आपको परेशानी हो सकती है। आइए जानते हैं एक अप्रैल 2024 से कौन-कौन से अहम बदलाव होने हैं।

### एनपीएस में बदलाव

नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ ही नेशनल पेमेंट सिस्टम से जुड़े नियमों में बदलाव होने वाला है। एक अप्रैल से एनपीएस के खाते में लॉगिन करने के लिए टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन जरूरी हो जाएगा। ऐसे में ग्राहकों के लिए समय रहते इससे जुड़ी प्रक्रिया के बारे में जान लेना जरूरी है।

### फास्टैग से जुड़े नियमों में बदलाव

एक अप्रैल 2024 से फास्टैग से जुड़े कुछ नियम भी बदल रहे हैं। अगर आपने अब तक अपनी कार के फास्टैग की बैंक केवाईसी पूरी नहीं की है तो एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए वित्तीय वर्ष में आपको परेशानी झेलनी पड़ सकती है। ऐसे में जरूरी है कि आप 31 मार्च 2024 से पहले ही अपने फास्टैग की केवाईसी से जुड़ी प्रक्रिया पूरी कर लें। अगर आपने ऐसा नहीं किया तो आपका फास्टैग खाता बैंक की ओर से निष्क्रिय या ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो फास्टैग खाते में मौजूद बैलेंस का इस्तेमाल करने में भी आपको परेशानी हो सकती है।

### ईपीएफओ के खाताधारकों को मिलेगी राहत

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ से जुड़े नियम भी एक अप्रैल 2024 से बदलने वाले हैं। इस बदलाव से इपीएफओ ग्राहकों को राहत मिलने वाली है। दरअसल, एक अप्रैल से खाताधारकों को नौकरी बदलने पर मैनुअल तरीके से अपने पुराने पीएफ बैलेंस को नए अकाउंट में ट्रांसफर करने की जरूरत नहीं रहेगी। ऑटो मोड में ही पुराने पीएफ का बैलेंस नए अकाउंट के साथ जुड़ जाएगा। फिलहाल यूएएन नंबर होने के बावजूद पीएफ खाते का बैलेंस ट्रांसफर करने के लिए ग्राहक को अलग से अनुरोध करना पड़ता था।

### पैन-आधार लिंक

सरकार पैन कार्ड और आधार कार्ड को लिंक करने की डेडलाइन कई बार बढ़ा चुकी है। फिलहाल 31 मार्च 2024 को आधार पैन लिंक करने की आखिरी तारीख है। यदि 31 मार्च से पहले आपने अपना पैन और आधार कार्ड लिंक नहीं कराया तो आपका पैन कार्ड रद्द हो सकता है। पैन कार्ड निष्क्रिय होने पर आपको कई तरह की परेशानी हो सकती है। उसे दोबारा एक्टिव कराने के लिए आपको 1000 रुपये के जुर्माने का भी भुगतान करना पड़ेगा। ऐसे में जरूरी है कि आप 31 मार्च 2024 से पहले अपना पैन और आधार कार्ड आपस में लिंक करा लें।

### रसोई गैस की कीमतों में बदलाव

सरकार की ओर से हर महीने की एक तारीख को रसोई गैस के कमर्शियल और घरेलू सिलेंडरों के कीमत की समीक्षा की जाती है। हालांकि इस बार लोकसभा चुनाव के कारण आदर्श आचार संहिता लगी हुई है, इसलिए कीमतों में परिवर्तन की गुंजाइश कम है।

लेकिन केंद्र सरकार अगर चाहे तो चुनाव आयोग से अनुमति लेकर रसोई गैस की कीमतों में बदलाव का एलान भी कर सकती है।

### केडिट कार्ड के नियमों में बदलाव

एक अप्रैल 2024 से नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत होने के बाद क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में भी बदलाव होने हैं। एसबीआई क्रेडिट कार्ड के नियम एक अप्रैल 2024 से बदल जाएंगे। नए नियमों के अनुसार क्रेडिट कार्ड के जरिए किराए का भुगतान करने पर अब रिवार्ड प्वाइंड नहीं जारी किए जाएंगे। कई अन्य बैंकों के क्रेडिट कार्ड पर भी यह नियम 15 अप्रैल 2024 से लागू हो सकता है।

# 2047 तक 55 लाख करोड़ डॉलर होगी देश की जीडीपी, आईएमएफ में भारत के कार्यकारी निदेशक ने कही यह बात

**नई दिल्ली ।**
भारतीय अर्थव्यवस्था 2047 तक 8 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। अगर यह रफ्तार कायम रही तो इस अवधि तक भारत 55 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक कृष्णमूर्ति वेंकट (केवी) सुब्रमण्यम ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह तभी संभव है, जब देश पिछले 10 वर्षों में लागू की गई अच्छी नीतियों को दोगुना कर सके और सुधारों में तेजी लाए। सुब्रमण्यम ने कहा कि 8 फीसदी की वृद्धि दर महत्वाकांक्षी है क्योंकि भारत पहले लगातार इस रफ्तार से नहीं बढ़ पाया है, लेकिन इसे हासिल किया जा सकता है। अर्थव्यवस्था की रफ्तार उम्मीद से बेहतर भारतीय अर्थव्यवस्था 2023 के अंतिम तीन महीनों में उम्मीद से बेहतर 8.4 फीसदी की दर से बढ़ी। यह पिछले डेढ़ साल में जीडीपी वृद्धि की सबसे तेज रफ्तार है। अक्तूबर-दिसंबर में वृद्धि दर के दम पर चालू वित्त वर्ष के लिए विकास दर अनुमान को 7.6 फीसदी तक बढ़ा दिया गया है। इन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता आईएमएफ में भारत के कार्यकारी निदेशक ने यह भी कहा कि भूमि, श्रम, पूंजी और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता है। विनिर्माण क्षेत्र में सुधार जरूरी है। इसके साथ ही, हमें विनिर्माण क्षेत्र को कर्ज देने के लिए बैंकिंग क्षेत्र में भी सुधार पर बल देना होगा। रोजगार सृजन पर देना होगा जोर, बढ़ेगी खपत सुब्रमण्यम ने कहा, 1991 के बाद से ऐतिहासिक रूप से भारत की औसत आर्थिक वृद्धि दर 7 फीसदी से थोड़ी अधिक रही है। भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की जरूरत है क्योंकि देश की जीडीपी का लगभग 58 फीसदी घरेलू उपभोग से आता है। इसलिए, आप जानते हैं...हमारे पास क्षमता है। अगर हम विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहित कर पर्याप्त नौकरियां पैदा कर सकें तो इससे बहुत अधिक खपत होगी।

# वीवो टी3 5जी फोन मिल रहा डिस्काउंट में एसबीआई कार्ड और एचडीएफसी कार्ड मिल रही छूट

**नई दिल्ली ।**
पिछले हफ्ते वीवो टी3 5जी फोन लॉन्च किया गया था। इस धांसू फोन की पहली सेल रखी गई है। अगर आपके पास एसबीआई कार्ड और एचडीएफसी कार्ड है तो आप फोन की खरीद पर 2,000 रुपये का फ्लैट डिस्काउंट पा सकेंगे। एक्सचेंज ऑफर के तहत भी फोन पर 2,000 रुपये का डिस्काउंट मिल जाएगा।

वीवो के इस फोन की सबसे खास बात इसका 50 मेगापिक्सल का सोनी आईएमएक्स 822 प्राइमरी कैमरा और 44 वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट दिया गया है। ग्राहक इस फोन को कॉस्मिक ब्लू और क्रिस्टल फ्लेक कलर ऑप्शन में खरीद सकते हैं। फीचर्स के तौर पर वीवो टी3 5जी में 6.67-इंच का एफएचडी+ अमोलेड डिस्प्ले दिया गया है। इसका डिस्प्ले 120 एचझेड रिफ्रेश रेट और 1800 निट्स की पीक ब्राइटनेस के साथ आता है। इस स्मार्टफोन में 8जीबी रैम और 256जीबी स्टोरेज दी गई है। ये फोन एंड्राएड 14 पर बेस्ड फनटच ओएस 14 पर काम करता है। साथ ही इसमें मीडियाटेक डायमेंसिटी 7200 5जी प्रोसेसर मौजूद है।

पावर के लिए वीवो के इस फोन में 5,000 एमएएच की बैटरी मिलती है और ये 44वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ आती है।कैमरे के तौर पर वीवो के इस लेटेस्ट फोन में 50 मेगापिक्सल का सोनी आईएमएक्स82 प्राइमरी कैमरा ओआईएस, 4के वीडियो रिकॉर्डिंग, 2एक्स पोर्ट्रेट जूम और सुपर नाइट मोड मिलता है। इसके अलावा इसमें एक 2 मेगापिक्सल का बोके कैमरा भी ग्राहकों के लिए मौजूद है। सेल्फी के लिए इस फोन के फ्रंट में 16 मेगापिक्सल का कैमरा दिया गया है।

# बैंक ऑफ इंडिया को तीसरी तिमाही में हुआ था 1870 करोड़ का मुनाफा, अब लग गया 550 करोड़ से ज्यादा का जुर्माना

**नई दिल्ली।**
आयकर विभाग टैक्स की चोरी के मामले में किसी को नहीं बख्शता है, चाहे वो आम करदाता हों या फिर कोई बड़ा बिजनेसमैन। यहां तक कि देश के बड़े वित्तीय संस्थानों को भी राहत नहीं मिलती।

नियमों के उल्लंघन को लेकर विभाग ने सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े बैंक पर भारी-भरकम पेनल्टी लगाई है। आयकर विभाग ने बैंक ऑफ इंडिया के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया है। कई नियमों के उल्लंघन को लेकर विभाग ने बैंक पर 564.44 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया। फरवरी में बैंक ऑफ इंडिया ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया था कि उसे चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 1,869.5 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। वहीं, अब बैंक को 564.44 करोड़ रुपये का जुर्माना भरना पड़ेगा। आयकर नियमों के उल्लंघन का आरोप लगने के बाद बैंक ने भी आयकर आयुक्त, राष्ट्रीय फेसलेस अपील केंद्र में अपील दायर की है। इस अपील में बैंक ने कहा कि उसके पास खुद को सही साबित करने के लिए पर्याप्त तथ्यात्मक और कानूनी आधार है। क्यों लगा बैंक पर जुर्माना बैंक ने शेयर बाजार को इस जुर्माने की सूचना दी। सूचना के अनुसार बैंक को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से एसेसमेंट ईयर 2018-19 से संबंधित आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 270 के आदेश मिला है। इसमें आदेश के अनुसार विभिन्न नियमों की उल्लंघन की वजह से बैंक पर 564.44 करोड़ रुपये का जुर्माना लगा है। बैंक ने इस आदेश पर प्रतिक्रिया भी दी है। बैंक ने कहा कि उम्मीद है कि जुर्माने की मांग कम हो जाएगी और इस पेनल्टी से बैंक के संचालन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। बैंक ऑफ इंडिया की वित्तीय परफॉर्मेंस पब्लिक सेक्टर के बैंक ऑफ इंडिया ने 2 फरवरी 2024 को दिसंबर 2023 तिमाही के नतीजे जारी किये थे। बैंक द्वारा जारी नतीजों के अनुसार बैंक को अक्टूबर से दिसंबर में 1,869.5 करोड़ रुपये का कुल मुनाफा हुआ। दिसंबर, 2023 के अंत तक बैंक की सकल गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) घटकर कुल कर्ज का 5.35 फीसदी हो गया और नेट एनपीए 1.41 प्रतिशत पर आ गया।

# एफटीएक्स के संस्थापक सैम को 25 साल की जेल, अदालत ने कहा- यह इतिहास की बड़ी वित्तीय धोखाधड़ी में से एक

**वाशिंगटन ।**
अमेरिका में एफटीएक्स के संस्थापक सैम बैंकमैन फ्राइड को न्यायाधीश ने 25 साल के जेल की सजा सुनाई है। फ्राइड पर आरोप है कि उन्होंने अपनी कंपनी एफटीएक्स के माध्यम से क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज के ग्राहकों से आठ बिलियन डॉलर की चोरी की है, जो अब दिवालिया हो चुकी है। अभियोजकों ने इसे अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ी वित्तीय धोखाधड़ी में से एक कहा है।

मैनहट्टन अदालत की जिला न्यायाधीश लुईस कपलान ने सुनवाई के दौरान बैंकमैन-फ्राइड के इस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें उसने कहा था कि एफटीएक्स ग्राहकों का पैसा नहीं खोया है और उनके खिलाफ झूठी गवाही दी गई है। जूरी ने बैंकमैन को एफटीएक्स के 2022 के पतन से जुड़े सात धोखाधड़ी और साजिश के मामलों में दोषी पाया। कपलान ने कहा कि बैंकमैन-फ्राइड ने कोई पश्चाताप नहीं दिखाया है। सजा सुनाने से पहले न्यायाधीश ने कहा कि बैंकमैन जानता था कि यह गलत है। वह जानता था कि यह आपराधिक था। लेकिन वह किसी भी बात को स्वीकार नहीं करेगा, जैसा कि उसका अधिकार है। सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने माना कि बैंकमैन ने मुकदमे के दौरान झूठ बोला है।

### कोर्ट ने पहले दिया था यह फैसला

कोर्ट ने अपने फैसले में पहले कहा था कि अमेरिकी जिला न्यायाधीश लेविस कपलान ने पाया कि प्रतिवादी ने गवाहों से छेड़छाड़ के प्रयास का संघीय अपराध किया है। इस अपराध का हवाला देते हुए बैंकमैन-फ्राइड को वापस संघीय हिरासत में भेजने का निर्देश दिया गया। अभियोजकों ने कैरोलिन एलिसन, जो पहले अल्मेडा रिसर्च में काम करती थीं, के निजी लेखन वाले एक लेख का हवाला देते हुए तर्क दिया कि द न्यूयॉर्क टाइम्स के स्रोत के रूप में बैंकमैन-फ्राइड की गतिविधियां गवाहों को डराने-धमकाने जैसी थीं। बता दें, बैंकमैन-फ्राइड को 2.5 करोड़ डॉलर की जमानत पर रिहा किया गया था। अभियोजकों ने बैंकमैन-फ्राइड पर आरोप लगाया कि उन्होंने निवेशकों को धोखा दिया और एफटीएक्स और अल्मेडा रिसर्च ग्राहकों के धन का दुरुपयोग किया।

### बहामास में अपार्टमेंट के बाहर से किया गया था गिरफ्तार

बता दें कि पूर्व एफटीएक्स प्रमुख फ्राइड वित्त और तकनीकी पत्रिकाओं के कवर पर दिखाई दिए थे। फॉर्च्यून ने उनकी तुलना वॉरेन बफेट से की थी और प्रमुख फंड प्रबंधकों और उद्यम पूंजीपतियों से भारी निवेश प्राप्त किया था। लेकिन यह सब नाटकीय रूप से तब बिगड़ गया जब एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि अल्मेडा की बैलेंस शीट बिना किसी स्वतंत्र मूल्य के एफटीएक्स द्वारा बनाए गए टोकन पर आधारित थी। साथ ही बैंकमैन-फ्राइड की कंपनियों को खतरनाक रूप से एक दूसरे से जुड़े होने के रूप में उजागर किया गया था। बैंकमैन-फ्राइड को न्यूयॉर्क में संघीय अभियोजकों के अनुरोध पर 12 दिसंबर को बहामास में उनके अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया गया था। बहामास के स्थायी निवासी फ्राइड ने अमेरिका में प्रत्यर्पण के खिलाफ लड़ाई न लड़ने का निर्णय लेने से पहले अपनी पसंद पर विचार करते हुए नौ दिन जेल में बिताए थे।

## सैमसंग के कर्मचारी वेतन में 5.1 प्रतिशत वृद्धि पर हुए सहमत

**सोल।** इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के दुनिया के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक दक्षिण कोरियाई कंपनी सैमसंग के प्रबंधन और उसके कर्मचारी साल 2024 के लिए औसतन 5.1 प्रतिशत वेतन वृद्धि पर सहमत हो गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया की सबसे बड़ी मेमोरी चिप और स्मार्टफोन निर्माता ने अपने कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ वेतन और मातृत्व अवकाश बढ़ाने को लेकर एक समझौता किया है। इस वर्ष की 5.1 प्रतिशत वेतन वृद्धि पिछले वर्ष की 4.1 प्रतिशत वेतन वृद्धि से अधिक है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने कहा कि उसने वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए वेतन में लगभग 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। वहीं, कुल 110,000 श्रमिकों में से लगभग 4 प्रतिशत यूनियन कर्मचारियों ने 6.5 प्रतिशत वेतन वृद्धि का आह्वान किया है वह पिछले साल के अंत से प्रबंधन के साथ वेतन को लेकर बातचीत कर रहे हैं।

# तीनों प्रारूपों के साथ ही लीग क्रिकेट में नाम कमाना चाहते हैं शमार जोसेफ

**जमैका ।**

वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ ने कहा है कि वह तीनों ही प्रारुपों में अपनी टीम की ओर से खेलना चाहते हैं। जोसेफ के अनुसार इसी लिए वह अपनी फिटनेस को बनाये रखने का प्रयास करते हैं। इस तेज गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चोटिल होने के बाद भी गाबा टेस्ट में सात विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। जोसेफ के अनुसार वह तीनों प्रारूपों के साथ ही विश्वभर की टी20 लीग में भी खेलना चाहते हैं वेस्टइंडीज के कई खिलाड़ियों की तरह ही वह भी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और बिग बैश जैसे टी20 लीग में बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। आईपीएल लखनऊ सुपर जायंट्स टीम में मार्क वुड के विकल्प के तौर पर शामिल जोसेफ ने कहा कि मैं अपने कौशल को बढ़ाने के लिए दुनिया भर में खेलना पसंद करूंगा पर मुझे जब भी अवसर मिलेगा मैं वेस्टइंडीज की ओर से खेलने के लिए भी तैयार रहूंगा।

जोसेफ ने कहा कि अगले कुछ साल में उनकी फिटनेस से यह साबित होगा कि वह कितना क्रिकेट खेल पाएंगे। उन्होंने कहा कि मुझे अपनी फिटनेस पर भरोसा है और लगता नहीं है कि इससे मुझे कोई परेशानी होगी। मेरे सामने लंबा करियर है और ऐसे में फिटनेस काफी अहम होगी। मैं वेस्टइंडीज के लिए तीनों प्रारूपों में खेलना चाहूंगा। मैं निश्चित तौर पर उनके लिए समय निकालूंगा। उन्होंने अब तक के अपने करियर में गयाना अमेजन वॉरियर्स के लिए केवल दो टी20 मैच खेले हैं पर आईपीएल में उन्हें इस प्रारूप की बारिकियों को सीखने का अवसर मिलेगा।

जोसेफ ने कहा कि यह लाल गेंद से सफेद गेंद क्रिकेट में अपने को ढालने के बारे में है। इसमें कुछ अन्य बदलाव भी होंगे और मुझे मिलने वाले हर अवसर से सीखने को मिलेगा। मैंने टेस्ट खेलने का आनंद लिया और अब मैं अपने सफेद गेंद के खेल में सुधार करूंगा। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि मैं सभी अनुभवी खिलाड़ियों से बात कर रहा हूं, अनुभवी खिलाड़ियों से सीख रहा हूं और इस पल का आनंद ले रहा हूं।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय खो खो चैंपियनशिप के पहले दिन उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र का दबदबा

**नई दिल्ली ।** राजधानी दिल्ली में चल रही 56वीं राष्ट्रीय खो खो चैंपियनशिप में इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम और करनैल सिंह स्टेडियम में कई मुकाबले खेले गए जिसमें उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीमों को जीत दिलाई। पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश ने एक रोमांचक मुकाबले में गुजरात को 2 अंकों से पराजित किया। अंतिम 10 सेकेंड में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने अपनी सर्वश्रेष्ठ तकनीक और अत्यंत फुर्ती से गुजरात के 30 अंक के मुकाबले 32 अंक प्राप्त कर बाजी मारी। इस मैच में बेस्ट डिफेंडर के रुप में यूपी के सुरेश और ऑलरॉउंडर शिवम पटेल ने शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही गुजरात के भट्ट गोविंद का प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा। एक अन्य लीग मैच में कर्नाटक ने उत्तराखंड पर 32-20 अंक से जीत हासिल की। वहीं एक अन्य रोमांचक मुकाबले में केरल के विषाख ने 2 मिनट 30 सेकेंड नॉट ऑउट रहते हुए 6 अंक टीम के लिए अर्जित किए और शिविन ने 2 मिनट 50 सेकेंड खेलते हुए 4 पॉइंट अर्जित कर केरल को 10 अंक और एक पारी से चंडीगढ़ के खिलाफ जीत दिला दी। महिला वर्ग में खेले गए एकतरफा मुकाबले में अश्विनि, संपदा और अपेक्षा के शानदार प्रदर्शन की बदौलत महराष्ट्र ने असम को 26 अंको से हराया। एक अन्य मुकाबले में पश्चिम बंगाल ने छत्तीसगढ़ को 4 अंक से हरा दिया। कोल्हापुर और उत्तराखंड के बीच हुए मुकाबले में कोल्हापुर ने 18 अंक से जीत हासिल की। डिफेंडर कोमल और रेडर प्राची के प्रभावशाली प्रदर्शन से राजस्थान ने तेलंगाना को 8 अंको से हर दिया। इस मुकाबले में तेलंगाना टीम की रेडर कृष्णा लाम्बा और अनुष्का ने बेहतरीन प्रदर्शन किया लेकिन अपनी टीम को जीत दिलाने में नाकामयाब रही। देर शाम हुए एक अन्य मुकाबले में आंध्रप्रदेश ने झारखंड को 14 अंकों से पराजित किया। आंध्रप्रदेश ने हेमवती के शानदार डिफेंस और पूजिता के शानदार अटैक के दमपर 34 अंक प्राप्त किये जबकि झारखंड को 20 अंक से ही संतोष करना पड़ा।

### दूसरी हार के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान ने खिलाड़ी में भरा जोश, सबसे कठिन सैनिकों की ही सबसे कठिन परीक्षा होती है

**हैदराबाद।** आईपीएल मैच में इंडियन सनराइजर्स हैदराबाद से हारने के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने अपनी टीम का आत्मविश्वास बढ़ाने की कोशिश की। हार्दिक ने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन्होंने टीम की लगातार दूसरी हार के बाद अपनी टीम को हिम्मत दी है और लिखा कि टीम से बुरी या अच्छी स्थिति में एक-दूसरे की मदद करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सबसे कठिन सैनिकों की ही सबसे कठिन परीक्षा होती है। हार्दिक ने कहा कि सबसे कठिन सैनिकों को सबसे कठिन परीक्षा मिलती है, हम इस टूर्नामेंट में सबसे कठिन टीम हैं, कोई भी जो बल्लेबाजी समूह के रूप में हम जहां तक पहुंचे है उसके करीब पहुंच सकता है या कुल मिलाकर हम ही हैं - आइए यह तय करें कि हम एक-दूसरे की मदद करेंगे; खराब या अच्छा। हम साथ रहेंगे। इंडियन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले मैच में मुंबई इंडियंस 31 रन से हार गया था। यह उसकी दूसरी हार थी। वहीं सचिन तेंदुलकर ने कहा कि मैच को लेकर कहा मैच अच्छा हुआ, भले ही मुंबई ने 277 रन दिए। उन्होंने कहा कि मुंबई ने अपनी पारी में अच्छी बल्लेबाजी की। तेंदुलकर ने कहा कि दूसरे हाफ में, 277 रन बनाने के बावजूद 10 ओवरों में कोई नहीं जानता था कौन जीतेगा। लक्ष्य हासिल किया जा सकता था। यह भी साफ है कि मुंबई इंडियंस ने अच्छी बल्लेबाजी की। सभी खिलाड़ी मजबूती से एक साथ रहें।

# बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी फाइनल में पहुंची, खिताब से एक कदम दूर

**मियामी ।**

भारतीय टीम के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन मार्केल ग्रानोलर्स और होरासियो जेबालोस को हराकर मियामी ओपन पुरुष डबल्स वर्ग के फाइनल में पहुंच गए हैं। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी ने इस साल की शुरुआत में वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता था। इस जोड़ी ने सेमीफाइल में स्पेन के ग्रानोलर्स और अर्जेंटीना के जेबालोस की जोड़ी को 6-1, 6-4 से हराया।

**बोपन्ना के पास फिर शीर्ष में पहुंचने का मौका** - ऑस्ट्रेलियन ओपन में मिली ऐतिहासिक जीत के बाद 44 वर्षीय बोपन्ना एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए थे। वह ऐसा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थे। हालांकि दुबई चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल और इंडियन वेल्स के राउंड-32 में हारने के बाद यह जोड़ी दूसरे नंबर पर खिसक गई थी, लेकिन मियामी ओपन के सेमीफाइनल में जीतने से उन्हें जारी होने वाली रैंकिंग में दोबारा शीर्ष पर पहुंचने में मदद मिलेगी।

**डोडिग-ऑस्टिन की जोड़ी से होगा सामना** - बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी का खिताबी मुकाबले में सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिकेक की जोड़ी से होगा। डोडिग ऑस्टिन की जोड़ी ने एक अन्य सेमीफाइनल मुकाबले में केविन क्राविट्ज और टिम पुट्ज की जर्मनी की जोड़ी को 6-4, 6-7 (7), 10-7 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

**अबतक 25 डबल्स खिताब जीत चुके हैं बोपन्ना** - बोपन्ना के करियर का यह 14वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल है, जबकि वह पहली बार मियामी ओपन के खिताबी मुकाबले में पहुंचे हैं। ओवरऑल यह उनका 63वां टूर स्तर का फाइनल है। भारत के सबसे सफल टेनिस खिलाड़ियों में शामिल बोपन्ना अबतक अपने करियर में 25 डबल्स खिताब जीत चुके हैं। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी का यह पांचवां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल है। बोपन्ना के नाम एक खास उपलब्धि भी जुड़ गई है वह लिएंडर पेस के बाद सभी नौ एटीपी मास्टर्स इवेंट के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं।

### पंडित की कार्यशैली से नाराज थे विदेशी क्रिकेटर : वीसे

**नई दिल्ली ।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की ओर से पिछले सत्र में खेले क्रिकेटर डेविड वीसे ने कहा है कि तब टीम के कोच रहे चंद्रकांत पंडित से विदेशी खिलाड़ी नाराज थे। वीसे दक्षिण अफ्रीकी मूल के नामीबियाई क्रिकेटर हैं। उनके अनुसार विदेशी खिलाड़ियों को पंडित की कार्यशैली पसंद नहीं थी। वीसे ने कहा कि विदेशी खिलाड़ी पंडित से इसलिए नाराज थे क्योंकि वह खिलाड़ियों के रहन-सहन पर टिप्पणी करते थे। वहीं खिलाड़ी नहीं चाहते थे कि उन्हें यह बताया जाए कि कैसे रहना है या क्या पहनना है। उन्होंने कहा, 'पंडित को भारत में काफी उग्र कोच के रूप में जाना जाता है। वह काफी सख्त, अनुशासनप्रिय किस्म के कोच रहे हैं। फ्रेंचाइजी क्रिकेट में कई बार दुनिया भर से आए विदेशी खिलाड़ियों को यह बताने की जरूरत नहीं होती कि उन्हें कैसे व्यवहार करना है या क्या पहनना है। पंडित 2022 में केकेआर के कोच बने। टी20 विश्व कप 2022 में नामीबिया टीम के साथ रहे वीसे ने कहा, 'कोच अपने तरीके से चीजों को करना चाहते थे जो कई खिलाड़ियों को पसंद नहीं आया। इससे चेंजिंग रूम में तनाव भी हो गया था। खिलाड़ी नाराज थे क्योंकि मैकुलम के जाने के बाद काफी कुछ बदलता देख रहे थे। वीसे ने कहा कि वह हालांकि बदलते माहौल से विचलित नहीं थे, और बेहतर तरीके से खेलने के लिए तैयार थे।

## कोलिन्स ने मियामी में अलेक्जेंड्रोवा को हराया, पहले डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में पहुंची

**नई दिल्ली ।**

अमेरिकी डेनिएल कोलिन्स ने मियामी ओपन में 14वें नंबर की खिलाड़ी एकाटेरिना अलेक्जेंड्रोवा को 6-3, 6-2 से हराकर अपने करियर के पहले डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में प्रवेश किया। 2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनलिस्ट, को इस टूर्नामेंट में गैरवरीयता प्राप्त अलेक्जेंड्रोवा को हराने के लिए सिर्फ 75 मिनट की जरूरत थी, जिन्होंने मियामी में अपने पहले सेमीफाइनल के रास्ते में विश्व नंबर 1 इगा स्वीयाटेक और नंबर 5 वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराया था। 2005 में किम क्लिस्टर्स के बाद मियामी में पहली गैरवरीयता प्राप्त चैंपियन बनने की कोशिश कर रही 30 वर्षीय खिलाड़ी हार्ड रॉक स्टेडियम में खिताब के लिए नंबर 4 वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना से भिड़ेंगी। कोलिन्स ने अपने करियर में पहले दो खिताब जीते हैं, दोनों 2021 में थे। कोलिन्स 2018 में स्लोएन स्टीफंस के बाद मियामी फाइनल में पहुंचने वाली पहली अमेरिकी हैं - जिन्होंने खिताब जीता था। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 15 वर्षों में केवल चार अमेरिकी ही इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे हैं, जिसमें कोलिन्स और स्टीफंस भी विलियम्स बहनों के साथ शामिल हो गए हैं। इससे पहले शाम को, वर्ल्ड नंबर 4 रिबाकिना ने सेमीफाइनल में नंबर 27 सीड विक्टोरिया अजारेंका को 6-4, 0-6, 7-6(2) से हराकर सीजन के अपने चौथे फाइनल में प्रवेश किया। रिबाकिना ने ब्रिस्बेन, अबू धाबी में खिताब और दोहा में साल के अपने पहले डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल के साथ, हार्ड कोर्ट पर अपने सीज़न की शानदार शुरुआत का आनंद लिया है। पिछले साल, रिबाकिना मियामी फाइनल में पेट्रा क्वितोवा से 7-6(14), 6-2 से हारकर सनशाइन डबल जीतने से एक जीत दूर रह गयी थीं। वह पिछले 10 वर्षों में सेरेना विलियम्स और एश्ले बार्टी के साथ लगातार मियामी फाइनल में जगह बनाने वाली तीसरी खिलाड़ी हैं।

## विराट भारतीय क्रिकेट में बदलाव लाये: पीटरसन

**नई दिल्ली ।**

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और कप्तान रे केविन पीटरसन ने अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि भारतीय क्रिकेट में उन्हीं के कारण बदलाव आया है। पीटरसन ने अपने साथियों के बीच कोहली की प्रतिबद्धता पर बल देते हुए कहा कि वह फिटनेस के मामले में सबसे बेहतर हैं। वह हमेशा ही फिटनेस मानकों को लेकर सतर्क रहते हैं। उन्होंने सभी क्रिकेटरों को फिटनेस के प्रति सजग कर बेहतरीन एथलीट में बदल दिया है।

पीटरसन ने भारतीय क्रिकेट और उनके साथियों पर कोहली के प्रभाव को लेकर कहा, उन चीजों में से एक जो हर कोई याद रखेगा और वह है सर्वकालिक महान फिनिशरों में से एक बनना। उन्होंने भारतीय क्रिकेट के लिए जो चीजें की हैं, उनमें से एक यह है कि उन्होंने भारतीय क्रिकेटरों को एथलीट में बदल दिया है, और ऐसा करते समय उन्होंने सिर्फ बात नहीं की है। वह पैदल चले हैं और आप इसे देख सकते हैं।

उन्होंने कहा, जब वह विकेटों के बीच दौड़ रहा होता है, तो उसकी पूरी प्रतिबद्धता और उसकी ऊर्जा और सर्वश्रेष्ठ बनने की उसकी इच्छा होती है और वह सर्वश्रेष्ठ है। यह मैदान से पहले शुरू होता है, जो आहार से, जिम में लगाई गई ऊर्जा से शुरू होता है।

पीटरसन ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ कोहली के उल्लेखनीय प्रदर्शन की सराहना की। दो महीने के ब्रेक के बाद एक्शन में लौटे कोहली ने 49 गेंदों में 77 रनों की शानदार पारी खेलकर आरसीबी को आईपीएल 2024 में अपना पहला मैच जीतने में मदद की और उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

पीटरसन ने कहा, विराट को देखना अद्भुत है। उन्हें खेलते देखना और सहज महसूस करना बहुत अच्छा लगता है।

## राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की कार्यकारिणी भंग; तदर्थ समिति गठित

**जयपुर।**

राजस्थान सरकार ने राज्य संस्था में कथित अनियमितताओं की शिकायतों के बाद राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) की कार्यकारिणी को भंग कर दिया है। सहकारिता रजिस्ट्रार अर्चना सिंह ने समिति को भंग कर दिया और एक तदर्थ समिति का भी गठन किया है जिसमें भाजपा विधायक और श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष जयदीप बिहानी को संयोजक बनाया गया है । इसके अलावा राज्य के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे धनंजय सिंह, पाली जिला क्रिकेट संघ के सचिव धर्मवीर सिंह, झुंझुनू जिला क्रिकेट संघ के सचिव हरिश्चंद्र सिंह, बीकानेर जिला क्रिकेट संघ के सचिव रतन सिंह और अलवर जिला क्रिकेट संघ के सचिव पवन गोयल को समिति का सदस्य बनाया गया है। अब लोकसभा चुनाव के 3 महीने के भीतर आरसीए की पांच सदस्यीय तदर्थ समिति की देखरेख में आरसीए कार्यकारिणी के चुनाव कराए जाएंगे, जिसमें अध्यक्ष समेत सभी 6 पदों पर उम्मीदवार चुनाव लड़ सकेंगे। भाजपा खेल प्रकोष्ठ के संयोजक एवं दौसा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने कहा कि सरकार ने मौजूदा कार्यकारिणी को भंग कर राजस्थान क्रिकेट में चल रही लूट और तानाशाही को खत्म कर दिया है। पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में जमकर भ्रष्टाचार हुआ था, जिसमें अध्यक्ष, सचिव और अन्य पदाधिकारी भी शामिल थे. अब उनके खिलाफ निष्पक्ष जांच होगी, तभी राजस्थान के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को न्याय मिलेगा। यहां बताना जरूरी है कि स्पोर्ट्स काउंसिल ने वित्तीय अनियमितताओं और नियमों के उल्लंघन के आरोप में 22 फरवरी को आरसीए के खिलाफ कार्रवाई की थी और आरसीए कार्यालय को सील कर दिया था। इसके बाद राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन ने भी 29 फरवरी, 4 मार्च, 12 मार्च और 19 मार्च को सहकारिता विभाग में अपना पक्ष रखा था। इस दौरान आरसीए के पदाधिकारियों ने कहा कि कार्यालय सील होने के कारण दस्तावेज जमा नहीं किये जा सके। अधिकारियों ने कहा कि इस तथ्य पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जांच अधिकारी ने आरसीए अधिकारियों को 28 मार्च तक अपना पक्ष रखने का आखिरी मौका दिया था ।

# पंत ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए 100 मैच खेले, स्पेशल जर्सी मिली

**नई दिल्ली।**

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत को फ्रेंचाइजी के लिए उनके 100वें मैच पर विशेष जर्सी दी गई। पंत दिल्ली स्थित फ्रेंचाइजी के लिए 100 इंडियन प्रीमियर लीग मैचों में भाग लेने वाले पहले खिलाड़ी हैं। दिसंबर 2022 में एक कार दुर्घटना के 15 महीने बाद पंत क्रिकेट मैदान पर वापसी की थी। चोट के कारण वह आईपीएल 2023 और 2023 वनडे विश्व कप भी नहीं खेल पाए थे। वह जब आईपीएल 2024 में अपने पहले मैच के लिए मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ उतरे तो दर्शक भी उन्हें देखकर भावुक हो उठे थे। दर्शकों ने खड़े होकर उनका तालियों से स्वागत किया था। बहरहाल, दिल्ली कैपिटल्स ने पंत को स्पैशल जर्सी देने की एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर की है।

**दिल्ली कैपिटल्स के लिए सर्वाधिक आईपीएल मैच**

- 100 – ऋषभ पंत
- 99 – अमित मिश्रा
- 87– श्रेयस अय्यर
- 82 – डेविड वार्नर
- 79 – वीरेंद्र सहवाग

**किसी टीम के लिए 100 आईपीएल मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी**

- चेन्नई सुपर किंग्स : सुरेश रैना
- मुंबई इंडियंस : हरभजन सिंह
- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : विराट कोहली
- कोलकाता नाइट राइडर्स : गौतम गंभीर
- राजस्थान रॉयल्स : अजिंक्य रहाणे
- सनराइजर्स हैदराबाद : भुवनेश्वर कुमार
- दिल्ली कैपिटल्स : ऋषभ पंत

**पंजाब के लिए किसी ने 100 मैच नहीं खेले** – बहरहाल, पंत ने राजस्थान के खिलाफ मुकाबले से पहले कहा कि मुझे लगता है कि जिस तरह से मैं अपने नियमों को देखता हूं, मैं हर चीज पर अपना 200 प्रतिशत देने की कोशिश करता हूं। मैं चीजों और नतीजों को इसी तरह देखता हूं, जाहिर तौर पर यह मायने रखता है। लेकिन साथ ही आप उस बारे में ज्यादा नहीं सोचते हैं।

### पाकिस्तान मई में टी20 श्रृंखला के लिए 2018 के बाद पहली बार आयरलैंड का दौरा करेगा

**लाहौर।** पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम 2018 के बाद पहली बार टी20 सीरीज खेलने के लिए आयरलैंड का दौरा करेगी क्योंकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने तीन मैचों की सीरीज के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। सीरीज के तीनों मैच 10 से 14 मई तक डबलिन के कैसल एवेन्यू में खेले जाएंगे। पाकिस्तान ने आखिरी बार 2018 में आयरलैंड के उद्घाटन टेस्ट मैच के लिए आयरलैंड का दौरा किया था। यह आखिरी बार था जब दोनों टीमें सभी प्रारूपों में भिड़ी थीं। यह श्रृंखला पाकिस्तान और आयरलैंड के बीच पहली बहु-मैच द्विपक्षीय टी20 भिड़ंत होगी। इससे पहले, दोनों टीमें सबसे छोटे प्रारूप में केवल एक बार 2009 में एकतरफा मैच में भिड़ी थीं। जुलाई 2020 में दो मैचों की टी20 श्रृंखला निर्धारित की गई थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण यह दौरा आगे नहीं बढ़ सका। आयरलैंड श्रृंखला से पहले, मेन इन ग्रीन 18 अप्रैल से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा। आयरलैंड दौरे के समापन के बाद, पाकिस्तान 22-28 मई के बीच चार टी20 मैचों में इंग्लैंड से भिड़ेगा। पाकिस्तान के आयरलैंड दौरे का शेड्यूल- 10 मई: पहला टी20 मैच, डबलिन 12 मई दूसरा टी20 मैच, डबलिन 14 मई: तीसरा टी20 मैच, डबलिन।

घर संसार

# कैसा हो किचन का डिजाइन

यदि आप पुराने किचन का रिनोवेशन करना चाहती हैं, तो पहले किचन के डिजाइन और उसके लेआउट के बारे में अच्छी तरह से सोच-विचार कर लें.

**1) एल शेप किचन:** ये किचन लेआउट संकरे, लंबे और ओपन किचन सबके लिए फायदेमंद हैं। इसमें किचन प्लेटफॉर्म के नीचे ही सारा स्टोरेज आ जाता है । जिससे काफी जगह बच जाती है ऐसे किचन में कॉर्नर पर ऊंचे स्टोरेज बनवाएं ।

**2) पैरलल किचन:** इसमें चलने-फिरने के लिए बहुत कम जगह बचती है, क्योंकि सामने और पीछे दोनों तरफ कैबिनेट्स आ जाते हैं ।

**3) सिंगल लाइन किचन:** ये लेआउट बहुत छोटी जगह के लिए बेहतर होता है । इसमें बहुत से किचन उपकरण, जैसे माइक्रोवेव आदि दीवार पर फिट किए जाते हैं । जिससे काउंटर टॉप या किचन प्लेटफॉर्म के लिए काफी जगह बच जाती है ।

## कलर

1)अगर आपका किचन छोटा है तो ब्राइट कलर का इस्तेमाल करें । व्हाइट, क्रीम जैसे कलर किचन के लिए अच्छे होते हैं. छोटे किचन को पेंट करते समय इस बात का ध्यान रखें कि एक साथ दो-तीन से ज्यादा रंगों का इस्तेमाल न करें।

2)अगर किचन बड़ा है तो आप ब्राइट व डार्क दोनों कलर्स का इस्तेमाल कर सकती हैं । बड़े किचन में किचन के अलग-अलग हिस्सों के लिए अलग- अलग रंगों का इस्तेमाल किया जा सकता है ।

3) अगर किचन बड़ा है और डायनिंग टेबल भी किचन में ही है, तो डायनिंग एरिया के लिए ऐसे रंगों का चुनाव करें जो आपको सुकून दें। साथ ही इस एरिया में चारों तरफ से लाइटिंग की भी सही व्यवस्था होनी चाहिए।

## टाइल्स

1) किचन के लिए टाइल्स चुनते समय इस बात का ध्यान रखें कि डार्क कलर के टाइल्स उभरकर दिखते हैं, जबकि हल्के रंग के टाइल्स फीके नजर आते हैं ।

2) छोटे किचन के लिए छोटे व मोजेक टाइल्स अच्छे होते हैं जबकि बड़े किचन के लिए बड़े टाइल्स का इस्तेमाल करना चाहिए ।

3) अगर आप किचन को डिजाइनर लुक देना चाहती हैं तो फैशनेबल टाइल्स का इस्तेमाल कर सकती हैं ।

---

## बड़ी-बड़ी बीमारियों में फायदेमंद हैं सिंहपर्णी की जड़ें

कई सालों से सिंहपर्णी (Dandelion) की जड़ का प्रयोग पूरे विश्व में होता आ रहा है। सिंहपर्णी को भूख न लगना, पेट की खराबी, पेट गैस, मधुमेह, पाइल्स, कब्ज, पथरी, जोड़ों के दर्द, मांसपेशियों में दर्द, एक्जिमा और चोट के निशान के लिए प्रयोग किया जाता है। इसमें पालक से भी ज्यादा प्रोटीन पाया जाता है। अगर आपको अपने शरीर को निरोग बनाना है तो इसकी जड़ों का प्रयोग करना शुरु कर दीजिए।

---



# शक की बीमारी..

एक रिसर्च के मुताबिक 10 से 15 प्रतिशत पारिवारिक झगड़ों का कारण दो तरह के मनोरोग होते हैं। ये मनोरोग रिश्तों को बिगाड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शक और वहम पति-पत्नी के रिश्तों में अनबन के अलावा अन्य रिश्तों में भी विवाद के बीज बो देते हैं। एक अध्ययन के अनुसार तलाक के 10 फीसदी मामले इन दोनों मनोरोगों- शक और वहम के चलते ही होते हैं। अगर हमारे परिवार में किसी को मामूली सा बुखार भी आ जाए तो हम उसे पूर्णतः स्वस्थ करने की कोशिश में जी जान से जुट जाते हैं, पर यहां सवाल यह उठता है कि जब हम तन का इतना खयाल रखते हैं तो मन के साथ ऐसी बेरुखी क्यों ? कुछ ऐसे लक्षण होते हैं जो हमें अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में अकसर देखने को मिलते हैं, पर जागरूकता के अभाव में हम उन्हें नजरअंदाज कर देते हैं और यही लक्षण आगे चलकर किसी गंभीर मनोरोग का कारण बन सकते हैं। आपने अपने आसपास कुछ ऐसे लोगों को जरूर देखा होगा, जिन्हें अकसर शकी या सिरफिरा समझा जाता है। ऐसे लोगों के मन में कुछ बातों को लेकर इतना गहरा भ्रम होता है कि वे उसे ही सच मानने लगते हैं। मसलन कुछ लोगों को ऐसा भ्रम होता है कि कोई उनका पीछा कर रहा है या उनके खिलाफ साजिश रच रहा है, कुछ लोगों को अपने पार्टनर के चरित्र पर शक होता, कुछ लोगों को ऐसा लगता है कि मेरी अनुपस्थिति में लोग हमेशा मेरी बुराई करते हैं या मेरा मजाक उड़ा रहे होते हैं। अगर किसी व्यति में ऐसे लक्षण बहुत ज्यादा दिखाई दें तो आगे चल कर उसे स्क्रिजोफेनिया हो सकता है। अगर परिवार के किसी सदस्य में ऐसे लक्षण दिखाई दें तो अन्य सदस्यों की यह जिमेदारी बनती है कि वे जल्द से जल्द किसी मनोचिकित्सक की सलाह लें। अगर शुरुआती दौर में ही उपचार शुरू हो जाए तो व्यक्ति शीघ्र ही स्वस्थ हो जाता है।

### ओसीडी के लक्षण

परेफेशनिस्ट होना अच्छी बात है, लेकिन कुछ लोग किसी भी कार्य के परिणाम से संतुष्ट नहीं होते और बेहतर परिणाम के लिए वही क्रिया अनगिनत बार दोहराते हैं। यही आदत आक्सेसिव कंपल्सिव डिसॉर्डर यानी ओसीडी का कारण बन जाती है। जैसा कि इसके नाम से ही जाहिर है, इस समस्या से ग्रस्त व्यति के मन में बार-बार एक ही खयाल आता है। फिर वह उसी खयाल से जुड़ी क्रियाएं भी बार-बार दोहराने लगता है। ऐसी सोच और क्रियाओं पर व्यति का कोई नियंत्रण नहीं होता। मिसाल के तौर पर अगर किसी के मन में सफाई का खयाल आता है तो वह बार-बार घर की सफाई ही करता रहता है। इसी तरह सुरक्षा के प्रति अति सचेत व्यति ताला बंद करने के बाद उसे दो-तीन बार खींचकर जरूर देखता है, लेकिन अगर कोई व्यति बंद ताले को दस बार खींचकर देखे तो इसे ओसीडी का लक्षण माना जाएगा। अपने आसपास मौजूद ऐसे लोगों को हम अकसर सनकी या झकी मान कर उन पर नाराज होते है, पर हमें यह मालूम नहीं होता कि वे बीमार हैं और उन्हें उपचार की जरूरत है।

### ओसीडी का इलाज

अगर आपके आसपास का कोई व्यति शुरुआती दौर में एक ही क्रिया बार-बार दोहराए तो अपनी बातों से उसका ध्यान वहां से हटाने की कोशिश करें। आप सचेत तरीके से उसे ऐसा करने से मना करें और अपनी बातों से उसे भरोसा दिलाएं कि ऐसा करना उसके लिए नुकसानदेह है। अगर आपकी कोशिशों के बावजूद महीने भर के भीतर उस व्यति के व्यवहार में कोई बदलाव न आए तो बिना देर किए उसे मनोचिकित्सक के पास ले जाएं। दवाओं और साइकोथेरेपी से यह समस्या जल्द ही दूर हो जाती है।

### शक के लक्षण

रोगी को ऐसा लगता है कि घर के या बाहर के लोग उसके खिलाफ साजिश रच रहे हैं और उसे नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। सच्चाई के विपरीत रोगी को अपने जीवनसाथी की निष्ठा व आचरण पर शक होता है। उसे लगता है कि उसके जीवनसाथी का किसी अन्य शस के साथ सबंध है। रोगी को हर वत यह लगता है कि सभी उसके विषय में बुरी-भली बातें करते रहते हैं। निराधार शक के चलते रोगी अपने ही परिजन या जीवनसाथी से उलझ पड़ता है और मारपीट व तोड़फोड़ तक कर बैठता है।

### शक का इलाज

रोग की सही समय पर पहचान कर इलाज कराने से अनेक प्रकार के पारिवारिक झगड़ों व समस्याओं से बचा जा सकता है। शक और वहम दोनों का ही इलाज सभव है। वहम के इलाज में दवाओं के साथ-साथ मनोचिकित्सा भी कारगर है। मनोचिकित्सा के अंतर्गत कॉग्निटिव बिहेवियर थेरैपी की सहायता से रोगी को अपने वहम के निर्थक होने का बोध कराते हैं। साथ ही उसे वहम से उत्पन्न भय से उबारने वाली तकनीकें भी बताई जाती है। वहीं शक का इलाज सिर्फ दवाओं से ही संभव है।

### लंबी उदासी

कुछ दिनों तक तो किसी का भी उदास रहना स्वाभाविक है, लेकिन जब यह उदासी दिनों के बजाय महीनों तक कायम रहे और इससे व्यक्ति की दिनचर्या प्रभावित होने लगे तो यह डिप्रेशन का लक्षण हो सकता है। खुद को निराश और लाचार महसूस करना डिप्रेशन का सबसे बड़ा कारण है।

### उदासी का इलाज

अगर परिवार का कोई सदस्य लगातार कुछ दिनों तक उदास दिखाई दे तो पहले उससे बात करके उसकी उदासी का कारण जानने और उसे दूर करने की कोशिश करें। अगर पंद्रह दिनों तक कोई सुधार नजर न आए तो उसे विशेषज्ञ के पास ले जाएं। अगर शुरुआत में मरीज को हलका डिप्रेशन हो तो यह समस्या केवल काउंसलिंग से दूर हो जाती है, पर समस्या ज्यादा गंभीर होने पर दवाओं की भी जरूरत होती है।

---

स्वास्थ्य

# बढ़े हुए कोलेस्ट्रोल को यूं करें कम

शरीर को सही तरह से काम करने के लिए कोलेस्ट्रोल का बनना बहुत जरूरी है जो लीवर द्वारा बनाया जाता है लेकिन शरीर में कोलेस्ट्रोल की मात्रा बढ़ जाए तो यह रक्त कोशिकाओं में जमा होने लगता है जिससे हार्ट अटैक जैसी समस्या हो सकती है। इसे कंट्रोल में रखने के लिए लोग कई तरह की दवाओं का सेवन करते हैं लेकिन व्यायाम और अन्य तरीकों से भी इसे संतुलित किया जा सकता है।

### 1. दालचीनी की चाय

शरीर में कोलेस्ट्रोल के लेवल को कम करने के लिए दालचीनी फायदेमंद होती है। इसके लिए रोजाना आधा चम्मच दालचीनी को पानी में उबाल कर चाय की तरह पीएं।

### 2. विटामिन-डी

विटामिन-डी की कमी के कारण भी यह समस्या हो जाती है। इसके लिए नियमित रूप से आधा घंटा धूप में बैठें जिससे शरीर में विटामिन-डी की कमी दूर होगी।

### 3. लहसुन

हर रोज सुबह खाली पेट लहसुन की 2-3 कलियां चबाने से भी फायदा होता है।

### 4. तेल

खाने में तेल का कम इस्तेमाल करें। इसके अलावा घर में दो तरह का तेल रखें और सुबह-शाम अलग-अलग तेल से खाना पकाएं।

### 5. ओट्स

सुबह के नाश्ते में ओट्स शामिल करें। इसमें मौजूद सॉल्यूबल फाइबर्स कोलेस्ट्रोल की मात्रा को कम करता है।

### 6. अच्छी नींद

नींद न पूरी होने की वजह से भी यह समस्या हो जाती है। इसके लिए कम से कम 8-9 घंटे की नींद जरूर लें और तनाव से दूर रहें।

### 7. मास-मछली

ज्यादा तली-भुनी चीजें और नॉनवेज खाने से बचें। इसके अलावा अंडे का पीला भाग खाने से भी कोलेस्ट्रोल लेवल बढ़ता है।

### 8. व्यायाम

सुबह की सैर या एक्सरसाइज करने से भी यह समस्या दूर होती है। इसके अलावा रोज सुबह 1 घंटा व्यायाम करने से ब्लड प्रेशर और शूगर जैसी बीमारियां भी दूर होती हैं।

---

# पूरब और पश्चिम की संस्कृति देखने को मिलती है गोवा में

गोवा पर्यटकों की सबसे पसंदीदा जगह है। इसे पर्यटक स्वर्गलोक भी कहते हैं। गोवा के खूबसूरत नजारे सभी को लुभाते हैं। बेजोड़ वास्तुकला से युक्त मंदिर, गिरजाघर और पुराने घर गोवा को पूरे देश का सबसे बेहतर पर्यटक स्थल बनाते हैं। मगर सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र हैं यहां के समुद्र तट। गोवा की आत्मा यहां की संस्कृति और खूबसूरत प्राकृतिक दृश्यों में है। नए साल का जश्न हो या अपने आप को थोड़ा तरोताजा करना हो, गोवा से बेहतर कोई जगह नहीं। बच्चे, युवा और बुजुर्ग हर किसी की पहली पसंद है गोवा। ठंड के दिनों में गोवा का मौसम बेहद सुहावना होता है। सर्दी की छुट्टियां दिल खोल कर मनाई जा सकती हैं। यों भी छुट्टियों की राजधानी ही है गोवा।

उन्नीस दिसम्बर 1961 को गोवा को पुर्तगालों से भारतीय सेना ने आजाद करवाया और दमन-दीव के साथ इसे मिलाया गया। 30 मई 1987 को गोवा गणतंत्र भारत का 25वां राज्य बनाया गया। इससे पहले बरसों तक गोवा पर कई शासकों का शासन रहा जैसे राष्ट्रकूट, कादम्बास, सिलाहारास, चालुक्य, बहामनी मुस्लिम और सबसे ज्यादा पुर्तगालों का। एक किवंदती के अनुसार गोवा को भगवान परशुराम ने बनाया था, जो भगवान विष्णु के अवतार माने जाते थे।

पूरब और पश्चिम की संस्कृति और शताब्दियों से धार्मिक गतिविधियों पर नजर डाली जाए, तो गोवा की जीवनशैली पूरे भारत से अलग है। हिंदू और कैथलिक समुदाय मिली-जुली संस्कृति प्रस्तुत करते हैं। यहां का समुदाय एक दूसरे के धर्म और संस्कृति का बेहद सम्मान करता है। पूरे देश के त्योहार गोवा में देखे जा सकते हैं जैसे गणेश-चतुर्थी, दिवाली, क्रिसमस, ईस्टर और ईद। ये सभी त्योहार गोवा में उतने ही उत्साह से मनाए जाते हैं, जितने बाकी राज्यों में।

गोवा के उत्तर में महाराष्ट्र की सीमा है तो दक्षिण पूर्व में कर्नाटक। गोवा के पश्चिम में मशहूर अरब सागर की तट रेखा है। गोवा में कई नदियां हैं जैसे- तिराकोल, मांडोवी, जुआरी, चपोरा, साल और तलपोना, जिनके किनारे गोवा में खूबसूरती और रोमांस भरते हैं। शयादरी पहाड़ का बेहद हरा-भरा इलाका यह दर्शाता है कि गोवा में हर तरफ पानी है। यहां की प्राकृतिक खूबसूरती आश्चर्य में डाल देने वाले समुद्री तट और सूर्य की मनमोहक रोशनी यहां आने वाले हर पर्यटक को आकर्षित करती है। यहां के समुद्र तट और हर तरफ हरियाली पर्यटकों को अपनी ओर खींचती है, खास कर गोवा का शांत वातावरण, लोगों का उमंग भरा स्वागत और दोस्ताना व्यवहार इसे और खास बनाता है। यहां का पूरा माहौल उमंग से भर देता है।

मई-जून में गोवा का मौसम बेहद गर्म होता है पर मानसून आते-आते यहां का मौसम सुहावना हो जाता हैं। हालांकि गोवा अपने-आप में इतना खूबसूरत है कि बारिश के बाद यहां की हरियाली देखते बनती है।

गोवा युवाओं की सबसे प्रिय जगह है। छुट्टियों की मौज मस्ती हो, हनीमून के लिए जाना हो या त्योहार का मजा लेना हो, तो गोवा चले जाएं। यहां के लोग हमेशा अपने आप को तरोताजा और जिंदादिल रखते हैं। बच्चे हों या बुजुर्ग, हर कोई यहां जाकर अपने आप को गोवा के रंग में रंग लेता है। समुद्र के किनारों पर लहरों से मस्ती और सुनहरी धूप के साथ गोवा के समुद्री खान-पान का मजा ही कुछ और है।

गोवा जाने का सबसे अच्छा समय है, सितम्बर आखिर से मार्च तक। इस दौरान यहां मौसम सुहावना होता है। गोवा जाने के लिए आप हवाई यातायात का इस्तेमाल कर सकते हैं दिल्ली से ट्रेन भी जाती हैं। गोवा शहर में घूमने के लिए बस सेवा उपलब्ध है।

---

# घर पर बनाये ब्लीच से पाये सुंदरता

आजकल हर कोई अपने चेहरे का विशेष ध्यान रखते हैं, चाहे वो लड़कियां हो या लड़के। ऐसे में वे कई सौंदर्य उत्पाद का प्रयोग करती हैं, बाज़ारों में मिलने वाली ब्लीच क्रीम चेहरे के लिए काफी हानिकारक होती है। उसमें तरह तरह के रसानयनों के अलावा ऐसे तत्व होते हैं जो बाद में त्वचा पर प्रभाव डालते हैं।

घर में बनाएं ब्लीच को लगाने पर आपका चेहरा तो निखरेगा ही और साथ में ब्लीच जैसी चमक भी आ जाएगी।

### चलिए जानते हैं घर में ब्लीच बनाने की विधी-

**1. जैतून और चीनी का स्क्रब:** इस स्क्रब को बनाने के लिए ऑवि ऑयल और चीनी को मिलाएं और फिर अपने चेहरे को थोडी देर तक स्क्रब करें। इससे चेहरा बिल्कुल चमक उठेगा।

**2. ऑरेंज पील एंड क्रीम:** किसी भी प्रकार का स्ट्रिस फल या सब्जी का प्रयोग प्राकृतिक रुप से ब्लीच का कार्य करती है। संतरे के छिलकों को धूप में सुखा कर मिक्सर में ग्राइंड कर लें और उस पाउडर में थोडी से मलाई मिला कर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे और गदर्न पर 10 मिनट लगाएं।

**3. टमाटर:नींबू का जूस:** टमाटर के गूदे में ताजे नींबू के रस को मिलाएं और उससे अपने चेहरे को साफ करें। कुछ दिन तक ऐसा करने से चेहरे में काफी निखार आ जाएगा क्योंकि यह एक अम्लीय मिश्रण है।

**4. नींबू, कुकुंबर और गेंहू:** एक मिक्सर में कुकुंबर को ग्राइंड करें और उसमें नींबू का रस मिला दें। अब एक कटोरे इस पेस्ट को डालें और उसमें थोडा सा बेसन या फिर गेहूं के आटे को मिला कर अपनी त्वचा पर लगा लें।

**5. हल्दी-नींबू पेस्ट:** खड़ी हल्दी को ग्राइंडर में पीस कर फिर उस पाउडर में नींबू का रस मिला लें। अब इस मिश्रण को अपनी त्वचा पर लगा लें। ध्यान रखें कि बाज़ार में मिलने वाले हल्दी पाउडर को न खरीदें क्योकि इससे चेहरे पर लगाने से रैश पड़ जाते हैं।

**6. सफेद सिरका:** आपने इसका प्रयोग पिंपल को हटाने के लिए जरुर किया होगा। पर अगर आपको सर बर्न या चेहरा बुझा बुझा सा रहता है तो विटामिन सी से भरा यह सफेद सिरका लाजवाब है। इसको एक टोनर के रुप में इस्तमाल करें। यानी की एक कॉटन बॉल लें और सिरके में भिगोकर उससे चेहरा साफ करें।

---

रेसिपी

## पोहा कटलेट

### सामग्री

1 कप पोहा, 2 चम्मच मैदा, 3 आलू (उबले और मैश किए हुए),1/2 चम्मच राई, तेल **तलने के लिए,**1 प्याज (बारीक कटा हुआ),1 चम्मच लाल मिर्च पाऊडर,2 चम्मच हरी मिर्च (बारीक कटी हुई),1/4 हल्दी पाऊडर,1/2 चम्मच नींबू का रस, थोड़ा सा हरा धनिया( बारीक कटा हुआ),नमक स्वादअनुसार

### विधि

सबसे पहले पोहे को पानी में 5 मिनट के लिए भिगो कर रख दें। अब एक पैन में तेल गर्म करें और उसमें राई, प्याज और मैदा डाल कर फ्राई करें। अब इसमें लाल मिर्च पाऊडर, हरी मिर्च, हल्दी पाऊडर डालकर मिक्स करें। इस मिश्रण को एक कटोरे में निकाल लें। इस मिश्रण में भिगोया हुआ पोहा, नमक, हरा धनिया,आलू और नींबू का रस डाल कर मिक्स करें। अब इस मिश्रण को थोड़ा सा हाथ में ले और कटलेट की शेप दें। ऐसे ही बाकी कटलेस तैयार करें।अब एक कड़ाही में तेल गर्म करें। इसमें कटलेट्स को फ्राई करें। पोहा कटलेट तैयार है। इन्हें गरमा-गर्म चटनी के साथ परोसे।

## ब्रेड भजीया

### सामग्री

5 किलो ब्रेड स्लाईस, 1/2 कप ताजा गाढ़ा दही, 3/4 कप बेसन, 1 टी-स्पून हरी मिर्च का पेस्ट, 2 टेबल-स्पून बारीक कटा हुआ हरा धनिया, 1 टी-स्पून लाल मिर्च पाउडर 1/4 टी-स्पून हींग, 1/4 कप बारीक कटा हुआ प्याज, नमक स्वादअनुसार, तेल , तलने के लिए, **परोसने के लिए,** टमैटो कैचप

### विधि

ब्रेड स्लाईस के किनारे निकाल लें। ब्रेड को छोटे टुकड़ो में तोड़ लें, सभी सामग्री के साथ एक गहरे बाउल में डाल लें और 1/4 कप पानी डालकर अच्छी तरह मिला लें। एक नॉन-स्टिक कढ़ाई में तेल गरम करें, चम्मच भर घोल डालकर, सभी तरफ से सुनहरा होने तक तल लें। तेल सोखने वाले कागज पर निकाल ले। टमैटो कैचप के साथ तुरंत परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**